26 जनवरी
76वां गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

# DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

वर्ष : 33 | अंक : 311 | पृष्ठ : 8 | मुंबई, रविवार, 26 जनवरी 2025 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल

# देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म पुरस्कारों का हुआ ऐलान

**139 हस्तियों को पद्म पुरस्कार**

**शारदा सिन्हा समेत सात को पद्म विभूषण**

**19 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री का भी एलान**

एजेंसी | नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को पद्म पुरस्कारों का एलान कर दिया गया है। इसके तहत पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री से सम्मानित किए जाने वाली हस्तियों के नामों का एलान किया गया। इस बार राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति ने 139 पद्म पुरस्कारों को मंजूरी दी है। देर रात जारी सूची में सात पद्म विभूषण, 19 पद्म भूषण शामिल हैं। इसके अलावा 113 पद्म श्री पुरस्कारों का भी एलान किया गया है।



## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने की घोषणा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार रात पद्म पुरस्कारों की घोषणा की। सिन्हा को कला, खेहर को सार्वजनिक मामलों और सुजुकी को कारोबार-उद्योग के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इनके अलावा पद्म विभूषण पाने वालों में दुव्वुर नागेश्वर रेड्डी (मेडिसिन), कुमुदिनी रजनीकांत लाखिया व लक्ष्मीनारायण सुब्रमण्यम (कला), एमटी वासुदेवन नायर (मरणोपरांत) (साहित्य-शिक्षा) शामिल हैं। इनके अलावा ए सूर्य प्रकाश, रामबहादुर राय (साहित्य एवं शिक्षा-पत्रकारिता), अनंत नाग व जतिन गोस्वामी, नंदमुरी बालकृष्ण, पंकज उधास (मरणोपरांत), एस अजित कुमार, शेखर कपूर, शोभना चंद्रकुमार (कला), जोस चाको पेरियाप्पुरम (मेडिसिन), कैलाश नाथ दीक्षित (पुरातत्व), नल्ली कुप्पुस्वामी चेट्टी, पंकज पटेल (कारोबार एवं उद्योग), पीआर श्रीजेश (खेल), साध्वी ऋतंभरा (सामाजिक कार्य), विनोद धाम (विज्ञान और इंजीनियरिंग) को पद्मभूषण प्रदान किया गया है। बिबेक देबरॉय को साहित्य और शिक्षा तथा सुशील मोदी व मनोहर जोशी (सार्वजनिक मामलों) के क्षेत्र में पुरस्कृत किया गया है।

## पद्म पुरस्कार




## पुरस्कार पाने वालों में 23 महिलाएं

पुरस्कार पाने वालों में 23 महिलाएं हैं। सूची में 10 विदेशी, एनआरआई, पीआईओ, ओसीआई श्रेणी के व्यक्ति शामिल हैं। वहीं, 13 मरणोपरांत पुरस्कार भी दिए जाने का एलान किया गया है। इसमें भोजपुरी गायिका शारदा सिन्हा (मरणोपरांत), जस्टिस (सेवानिवृत्त) जगदीश सिंह खेहर और सुजुकी कंपनी के ओसामु सुजुकी (मरणोपरांत) बिबेक देबरॉय, सुशील मोदी और मनोहर जोशी (मरणोपरांत) के नाम शामिल हैं।

## बीते साल 132 पद्म पुरस्कारों का हुआ था एलान

इससे पहले पिछले साल राष्ट्रपति ने 132 पद्म पुरस्कारों को मंजूरी दी थी, इनमें पांच पद्म विभूषण, 17 पद्म भूषण और 110 पद्म श्री शामिल थे। पुरस्कार पाने वालों में 30 महिलाएं थीं। पद्म सम्मान देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक हैं और यह तीन श्रेणियों- पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री में प्रदान किए जाते हैं।

## इन्हें मिला पद्मश्री

वहीं गोवा के स्वतंत्रता आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाली लीबिया लोबो सरदेसाई, पश्चिम बंगाल के ढाक वादक गोकुल चंद्र डे (57), महिला सशक्तीकरण की मुखर समर्थक सैली होलकर (82), राजस्थान की लोकगायिका बतूल बेगम, दिल्ली की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरजा भटला, हिमाचल प्रदेश के हरिमन शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता भीम सिंह भावेश, कुवैत के योग टीचर शेख एजे अल सबा और ब्राजील के वेदांत गुरु जोनास मैसेट को पद्मश्री से सम्मानित किया गया है।

## पीएम मोदी ने दी बधाई

पद्म पुरस्कारों के एलान के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर सम्मानित लोगों को बधाई दी है। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, 'सभी पद्म पुरस्कार विजेताओं को बधाई! भारत को उनकी असाधारण उपलब्धियों का सम्मान करने और उनका जश्न मनाने पर गर्व है। उनका समर्पण और दृढ़ता वास्तव में प्रेरणादायक है। प्रत्येक पुरस्कार विजेता कड़ी मेहनत, जुनून और नवाचार का पर्याय है, जिसने अनगिनत जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। वे हमें उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने और निस्वार्थ भाव से समाज की

# बांग्लादेशियों पर नकेल जारी

- SIT टीम का किया गठन
- बर्थ-डेथ सर्टिफिकेट से मिलेगा सुराग

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र सरकार ने एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है, जो राज्य में जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने में हो रही देरी की जांच करेगा। एसआईटी इसमें अवैध अप्रवासियों के एंगल से जांच करेगी। राज्य में अवैध बांग्लादेशी अप्रवासियों की आमद बढ़ने की भी जांच की जाएगी। मुख्यमंत्री कार्यालय ने बताया कि एसआईटी का नेतृत्व इंस्पेक्टर जनरल दत्ता कराले करेंगे। महाराष्ट्र में कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जब किसी व्यक्ति के जन्म या मृत्यु के कम से कम एक साल उनके जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आवेदन किए गए हैं।

## 'दो लाख बांग्लादेशी रोहिंग्याओं ने जन्म प्रमाण पत्र के लिए किया आवेदन'

किरीट सोमैया ने आरोप लगाया है कि जनवरी 2021 से दिसंबर 2023 के बीच अकोला शहर की मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा ही 269 विलंबित जन्म पंजीकरण जारी किए गए थे, लेकिन तहसीलदार ने 4,849 विलंबित जन्म आवेदनों को पंजीकृत करने का आदेश दिया था। इसी तरह यवतमाल में 11,864, नागपुर में 4,350 आवेदन देरी से किए गए। सोमैया ने आरोप लगाया है कि महाराष्ट्र में दो लाख बांग्लादेशी रोहिंग्याओं ने जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया है ।



## सैफ पर हमले के बाद गरमाया अवैध बांग्लादेशी अप्रवासियों का मुद्दा

हाल ही में फिल्म अभिनेता सैफ अली खान पर मुंबई में उनके घर पर हमले की घटना हुई। इस मामले में जिस आरोपी शरीफुल इस्लाम शहजाद को गिरफ्तार किया गया है, वह भी बांग्लादेशी नागरिक है। सैफ पर हुए हमले के बाद से महाराष्ट्र और खासकर देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में अवैध बांग्लादेशियों की घुसपैठ का मामला गरमा गया है। एसआईटी गठन पर राज्य के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि देरी से जारी किए गए जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्रों की जांच की जाएगी। भाजपा नेता किरीट सोमैया ने जन्म प्रमाण पत्र जारी करने में कथित घोटाले का आरोप लगाया था। उसके बाद ही सरकार ने इस मामले में एसआईटी गठित कर जांच करने का फैसला किया है।

## नौ बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार, अवैध प्रवास का आरोप

डीबीडी संवाददाता | पालघर

महाराष्ट्र के पालघर जिले में सात महिलाओं समेत नौ बांग्लादेशियों को अवैध रूप से भारत में रहने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी नालासोपारा के धानिवबाग के गंगडी पाड़ा इलाके से शुक्रवार को की गई। इस बारे में विरार के पुलिस उपायुक्त



(जोन-3) जयंत बाजबले ने जानकारी दी। गिरफ्तार किए गए 27 से 45 वर्ष की आयु के ये बांग्लादेशी नागरिक बिना वैध यात्रा या पहचान दस्तावेजों के भारत में रह रहे थे। पुलिस के मुताबिक, आरोपी बांग्लादेश के पश्चिम बंगाल के 24 परगना जिले के हकीमपुर गांव से भारत में प्रवेश कर मुंबई पहुंचे थे और फिर पालघर में बस गए। गिरफ्तार किए गए लोग एक मोबाइल ऐप के माध्यम से अपने रिश्तेदारों से संपर्क कर रहे थे।

# पोल्ट्री पक्षियों के नमूनों की जांच में बर्ड फ्लू की पुष्टि नहीं

एजेंसी | लातूर

महाराष्ट्र के लातूर जिले के उदगीर शहर में बर्ड फ्लू से 60 से अधिक कौवों की मौत के कुछ दिनों बाद, पोल्ट्री फार्म, चिकन केंद्रों और ऐसे प्रतिष्ठानों से एकत्र किए गए पक्षियों के नमूनों में घातक संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पशुपालन उपायुक्त डॉ. श्रीकांत शिंदे ने कहा, 'बर्ड फ्लू के कारण कौवों की मौत के बाद, अधिकारियों ने अन्य पक्षियों के 48 नमूने एकत्र किए और उन्हें परीक्षण के लिए पुणे की एक



प्रयोगशाला में भेजा था। शुक्रवार को प्राप्त परिणामों के अनुसार इन सभी नमूने में संक्रमण नहीं था।"

## भंडारा आर्डिनेंस फैक्टरी ब्लास्ट

# जांच के लिए समिति का हुआ गठन

एजेंसी | भंडारा

महाराष्ट्र के भंडारा जिले में आयुध निर्माणी में शुक्रवार को भीषण विस्फोट हुआ था। शनिवार को इस हादसे की जांच के लिए एक समिति गठित की गई है। इस घटना में 8 लोगों की मौत हो गई और 5 अन्य घायल




हो गए थे। अधिकारियों ने बताया कि श्रम उपायुक्त (केंद्रीय) नागपुर की जांच समिति सोमवार से अपनी जांच शुरू करेगी।

## 8 लोगों को हुई थी मौत

भंडारा के जवाहर नगर इलाके में स्थित कारखाने में हेक्स (हाई एनर्जी एक्सप्लोसिव्स) सब-डिवीजन में लो टेम्परेचर प्लास्टिक एक्सप्लोसिव्स (एलटीपीई) इमारत संख्या 23 में शुक्रवार सुबह करीब 10 .40 बजे ब्लास्ट हुआ था। इसमें 8 श्रमिकों की मौत हो गई और 5 अन्य घायल हो गए।

# भारत आएगा मुंबई हमले का गुनहगार

- तहव्वुर हुसैन राणा को भारत लाने का रास्ता साफ
- अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने दी प्रत्यर्पण को मंजूरी



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई हमले (26/11) के दोषी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही मामले में उसकी दोषसिद्धि के खिलाफ समीक्षा याचिका को भी खारिज कर दिया है। भारत लगातार पाकिस्तानी मूल के कनाडाई नागरिक राणा के प्रत्यर्पण की मांग कर रहा था, क्योंकि वह 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के मामले में वांछित था। यह राणा के लिए भारत को प्रत्यर्पित न किए जाने का आखिरी कानूनी मौका था।

## राणा ने 13 नंवबर को दायर की थी याचिका

निचली और संघीय अदालतों में कानूनी लड़ाई हारने के बाद राणा ने इससे पहले सैन फ्रांसिस्को में 9वें सर्किट के लिए अमेरिकी अपील न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। 13 नवंबर को राणा ने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में प्रमाणपत्र के लिए याचिका दायर की थी। डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के एक दिन बाद 21 जनवरी को शीर्ष अदालत ने उसे अस्वीकार कर दिया।

## मुंबई हमले में मारे गए थे 175 लोग

26 नवंबर, 2008 को मुंबई में आतंकी हमला हुआ था। तब समुद्र के रास्ते पाकिस्तान से आए पाकिस्तानी आतंकियों ने ताज होटल समेत 6 जगहों पर हमले किए थे। हमले में विदेशी नागरिकों समेत 175 लोगों की मौत हुई थी, जबकि कई सैंकड़ों घायल हुए थे। 4 दिनों तक तक चले आतंकरोधी अभियान के बाद सुरक्षाबलों ने 9 आतंकियों को मौके पर ही मार गिराया था। इसी तरह एक जिंदा पकड़े गए आतंकी अजमल कसाब को फांसी दी गई थी। मुंबई पुलिस ने 26/11 हमलों को लेकर 405 पन्नों का आरोपपत्र दायर किया था, जिसमें राणा का नाम शामिल है। उस पर पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (ISI) और आतंकी समूह लश्कर-ए-तैयबा का ऑपरेटिव होने का आरोप है। आरोपपत्र के मुताबिक, राणा ने हमलों के मास्टरमाइंड डेविड कोलमैन हेडली का समर्थन किया था, जिसने हमलों से पहले रेकी की थी। राणा को मुंबई हमले के कुछ महीने बाद शिकागो में संघीय जांच ब्यूरो (FBI) ने गिरफ्तार किया था।

## राणा ने याचिका में क्या दी थी सफाई?


9वें सर्किट के लिए यूनाइटेड स्टेट्स कोर्ट ऑफ अपील्स के फैसले की समीक्षा के लिए दायर याचिका में राणा ने तर्क दिया था कि उसे इलिनोइस (शिकागो) के उत्तरी जिले में संघीय अदालत में 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले से संबंधित आरोपों पर मुकदमा चलाया गया और बरी कर दिया गया। उसमें कहा गया है कि भारत अब शिकागो मामले में समान आचरण के आधार पर आरोपों पर मुकदमा चलाने के लिए उसे प्रत्यर्पित करना चाहता है। अमेरिकी सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल एलिजाबेथ बी प्रीलोगर ने 16 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट में दाखिल अपनी याचिका में राणा की याचिका को खारिज करने को लेकर दलीलें दी थी। उन्होंने कहा कि राणा को इस मामले में भारत प्रत्यर्पण से राहत पाने का अधिकार नहीं है। सरकार यह नहीं मानती कि जिस आचरण के आधार पर भारत प्रत्यर्पण की मांग कर रहा है, वह इस मामले में सरकार के अभियोजन द्वारा कवर किया गया था।



# बिना लाइसेंस चल रहे क्लिनिक पर मनपा का छापा

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

उल्हासनगर मनपा प्रशासन ने बिना लाइसेंस चल रहे एक क्लिनिक पर छापा मारा है। यह कार्रवाई शहर के पेंसिल फैक्ट्री के पास स्थित राम सर्जिकल क्लिनिक पर की गई, जो डॉ. रामदास भोईर द्वारा चलाया जा रहा था। डॉ. भोईर के पास मेडिकल डिग्री और रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट नहीं था, फिर भी वह अवैध रूप से चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहे थे।



### अवैध चिकित्सा पद्धति अपनाने का आरोप

मेडिकल काउंसिल द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार, डॉ. भोईर ने स्वेच्छा से अपना चिकित्सा प्रमाण पत्र और पंजीकरण प्रमाण पत्र काउंसिल को सौंपा था, लेकिन बिना वैध डिग्री के वह मरीजों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे थे। इसलिए उनकी अवैध चिकित्सा पद्धतियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### झोलाछाप डॉक्टर पर कार्रवाई और मामला दर्ज

महाराष्ट्र मेडिकल काउंसिल के एक पत्र के अनुसार, चार साल पहले उल्हासनगर पालिका को एक शिकायत मिली थी जिसमें बिना मेडिकल डिग्री के डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई थी। इस पत्र के आधार पर मनपा के चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारियों की टीम ने राम सर्जिकल क्लिनिक पर छापा मारा और वहां एलोपैथिक दवाओं का जखीरा पाया। इस पर उल्हासनगर मनपा के चिकित्सा अधिकारी डा. उत्कर्षा शिंदे ने पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में डॉ. रामदास भोईर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

# चुनाव आयोग की कार्यशैली के विरोध में ठाणे कांग्रेस का आंदोलन

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

ठाणे शहर जिला कांग्रेस ने चुनाव आयोग की कथित अनियमितताओं और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। यह आंदोलन राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। आंदोलन का नेतृत्व ठाणे शहर कांग्रेस अध्यक्ष एड. विक्रांत चव्हाण, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मो. नसीम खान और प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश शर्मा ने किया। इस विरोध में कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों, ब्लॉक अध्यक्षों, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस और वार्ड अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।




### चुनाव प्रक्रिया पर उठाए सवाल

कांग्रेस नेताओं ने नवंबर 2024 में संपन्न विधानसभा चुनावों के नतीजों को रहस्यमय, अविश्वसनीय और गड़बड़ करार दिया। उनका कहना है कि राज्य में सत्तारूढ़ बीजेपी गठबंधन के खिलाफ माहौल होने के बावजूद चुनाव परिणाम आश्चर्यजनक रहे। कांग्रेस का आरोप है कि विधानसभा चुनावों से पहले मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर घोटाला हुआ। उनका दावा है कि लोकसभा चुनावों और विधानसभा चुनावों के बीच छह महीने में 50 लाख से अधिक वोट बढ़ गए, जो सवाल खड़े करता है।

### आंदोलन का उद्देश्य

कांग्रेस ने इस विरोध के माध्यम से चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए लोकतंत्र की रक्षा और मतदाताओं के अधिकारों को सुरक्षित करने की मांग की। उनका कहना है कि अगर इन मुद्दों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो जनता का लोकतंत्र और चुनाव प्रक्रिया से विश्वास उठ जाएगा। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर चुनाव आयोग ने इन गंभीर आरोपों की जांच नहीं की, तो वे बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

### मतदान प्रतिशत में अंतर पर आपत्ति

नेताओं ने मतदान के दिन शाम 5 बजे और अगले दिन सुबह घोषित मतदान प्रतिशत में भारी अंतर का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि इसकी शिकायत चुनाव आयोग से की गई थी, लेकिन इसे अनदेखा कर दिया गया।

## मनसे कार्यकर्ताओं ने अभद्र व्यवहार पर प्रिंसिपल को पीटा


डीबीडी संवाददाता | ठाणे



ठाणे के राम नगर इलाके में एक कॉलेज के प्रिंसिपल को मनसे कार्यकर्ताओं ने महिला सहकर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार करने पर पीट दिया। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मनसे के ठाणे शहर प्रमुख रवींद्र मोरे ने कहा कि उनके परेशान सहकर्मियों के पार्टी में आने के बाद उनके सहकर्मियों ने प्रिंसिपल की पिटाई कर दी। उन्होंने प्रिंसिपल के खिलाफ आगे की कार्रवाई के लिए श्रीनगर पुलिस को शिकायत सौंपी है।

## रिक्शा पर जर्जर पेड़ गिरने से ड्राइवर की मौत

डीबीडी संवाददाता | डोंबिवली



डोंबिवली (Dombivli) में शनिवार को दर्दनाक हादसा हुआ है। एमआईडीसी परिसर में जर्जर पेड़ अचानक रिक्शा पर गिर गया। हादसे में रिक्शा चालक की मौत हो गई। दुर्भाग्यपूर्ण घटना ने पूरे इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल पैदा कर दिया है। मृतक की पहचान नाम रामदिन लोद के रूप में हुई है। रिक्शा चालक सवारी का इंतजार कर था। अचानक रिक्शा जर्जर और पुराने पेड़ की चपेट में आ गया। रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोग मौके पर आनन फानन पहुंचे। तब तक रामदिन दम तोड़ चुका था। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। फुटेज में जर्जर पेड़ को रिक्शा पर गिरते देखा जा सकता है। प्रत्यक्षदर्शी विनोद दुबे ने बताया, " पेड़ काफी समय से खतरनाक स्थिति में था। इलाके के लोगों ने कई बार अधिकारियों से गुहार लगाई। पेड़ को काटने की कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि अनहोनी को टाला जा सकता था। अधिकारियों की लापरवाही से लोग आक्रोशित हैं। उन्होंने घटना पर गहरी नाराजगी जताई। लोगों ने बताया कि इलाके में कई पेड़ कभी भी भरभराकर गिर सकते हैं। हादसे को रोकने के लिए जिला प्रशासन गंभीर नहीं है। लोगों ने नगर निगम और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि रिक्शा चालक की दर्दनाक मौत ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। पेड़ों की समय रहते छंटाई या कटाई क्यों नहीं की गई? क्या प्रशासन को किसी बड़े हादसे का इंतजार था? पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रशासन के स्तर पर आश्वासन मिला है कि अन्य खतरनाक पेड़ों की पहचान कर जल्द कार्रवाई की जाएगी। सवाल उठता है कि रामदिन लोद जैसे निर्दोष नागरिक की जान लौट पाएगी?

# वसई विरार की सड़कों पर दौड़ रही हैं प्रदूषण रहित बसें

## हर रोज 13 हजार से ज्यादा यात्री कर रहें हैं सफर

आशु विश्वकर्मा | विरार

वसई विरार के नागरिकों को वसई विरार मनपा कम खर्च में बेहतर यात्री ट्रांसपोर्ट की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए परिवहन विभाग के माध्यम से शहर में आवागमन के लिए बस ट्रांसपोर्ट सेवा उपलब्ध करा रही थीं। जिसमें और बेहतर सुधार करते हुए मनपा ने पिछले वर्ष से शहर में आवागमन के लिए प्रदूषण रहित सड़कों पर चलने वाली इलेक्ट्रीक बसों की सेवा शुरू की थी। परिवहन विभाग की इस नई बस सेवा को यात्रियों से बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। वर्तमान में परिवहन विभाग ने 20 इलेक्ट्रीक बसों को सड़कों पर चल रही हैं। जिन्हें फिलहाल 8 मार्ग पर चलाया जा रहा हैं। शुरू में इन गाड़ियों की फेरियां कम थीं, लेकिन यात्रियों की मांग पर मनपा ने इसे अब और बढ़ा दिया हैं।परिवहन विभाग विभाग ने बताया कि इलेक्ट्रीक बसों के माध्यम से प्रतिदिन 13 हजार से ज्यादा यात्री सफर कर रहें हैं।

> वर्तमान में 8 मार्ग पर 20 इलेक्ट्रीक बसों से सेवा दी जा रही है। दूसरा चार्जिंग स्टेशन वसई के सातिवली में बन रहा हैं। मार्च 2025 तक उसका काम पूरा होने की उम्मीद है। यदि वो शुरू हुआ तो पांच नए मार्ग पर 20 और बसों को शुरू किया जायेगा। प्रतिदिन 13 हजार से ज्यादा यात्री इसलिए सेवा का लाभ लें रहें हैं।
>
> – विश्वनाथ तलेकर, सहायक आयुक्त, वसई विरार मनपा परिवहन विभाग



### वर्तमान में इन मार्गो पर चल रही हैं बसें

वर्तमान में विरार से अर्नाला, नालासोपारा से रिद्धि विनायक हॉस्पिटल, नालासोपारा से कलम, विरार से नावापुरा, नालासोपारा से गास गांव व नालासोपारा से भुईगांव मार्ग पर परिवहन सेवा शुरू की गई हैं। इन आठ मार्गो पर यातायात के लिए 20 बसों को चलाया जा रहा है। वसई पूर्व के सातिवली में नया चार्जिंग स्टेशन तैयार होने के बाद वसई फाटा से वसई स्टेशन, सातिवली से नालासोपारा व विरार सहित कुल पांच नए मार्ग पर 20 और अतिरिक्त बसों को चलाया जायेगा। जो मार्च 2025 तक पूरा होने की संभावना है।

### नया चार्जिंग स्टेशन तैयार

परिवहन विभाग ने बताया कि, सड़कों पर और अतिरिक्त बसों को चलाने के लिए वसई पूर्व के सातिवली में नया चार्जिंग स्टेशन तैयार किया जा रहा है. जिसे मार्च 2025 तक पूरा होने की संभावना है। इस नए स्टेशन के बनने के बाद पांच और नए मार्गो पर 20 अतिरिक्त बसों से सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। जो मार्च 2025 तक पूरा होने की संभावना है। फिलहाल विरार पश्चिम के म्हाडा के पास नए बनाये गए मनपा कार्यालय के भवन में सिर्फ एक चार्जिंग स्टेशन शुरू किया गया है। इस चार्जिंग स्टेशन पर फिलहाल 20 बसों को चार्ज किए जाने की व्यवस्था उपलब्ध है। नए स्टेशन तैयार होने के साथ ही क्षेत्र के नागरिकों की सेवा के लिए अतिरिक्त बसों को सड़कों पर चलाया जायेगा।

# 41 अनधिकृत इमारतों पर तोड़क कार्रवाई रुकवाने के लिए याचिका दाखिल

आशु विश्वकर्मा | वसई

नालासोपारा पूर्व में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और मिसाइल रेंज के लिए आरक्षित भूमि पर बनी 41 अनधिकृत इमारतों को तोड़ने की कार्रवाई से प्रभावित हजारों निवासियों के पुनर्वास और राहत के लिए बॉम्बे उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की जाएगी। इस संबंध में शनिवार, 25 जनवरी को पालघर सांसद डॉ. हेमंत सावरा ने नालासोपारा के विधायक राजन नाइक और भाजपा नेता कैलाश पाटिल से मुलाकात की।



### मुख्यमंत्री से मिलेंगे सांसद सावरा

सांसद डॉ. हेमंत सावरा ने कहा, 'हम महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री से मिलकर इस मामले पर चर्चा करेंगे। उन बिल्डरों और अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करेंगे जिन्होंने इन निवासियों को धोखा दिया है। साथ ही इस प्रकरण की जांच के लिए एक विशेष समिति गठित करने का भी अनुरोध करेंगे।'

### विधायक राजन नाइक का आश्वासन

भावुक होकर विधायक राजन नाइक ने निवासियों को भरोसा दिलाया कि याचिका पर सोमवार या मंगलवार तक सकारात्मक निर्णय मिलने की संभावना है। उन्होंने कहा, 'मकानों को बचाने के लिए हम न्यायालय का सहारा ले रहे हैं।'

### स्थानीय नेताओं की उपस्थिति

इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष महेंद्र पाटिल, पूर्व नगरसेविका किरण भोईर, जिला महामंत्री प्रज्ञा पाटिल, और अन्य कई पदाधिकारी मौजूद थे। सभी ने प्रभावित परिवारों के साथ खड़े होने का आश्वासन दिया।

### बेघर हुए सैकड़ों परिवार

सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद वसई-विरार मनपा ने इन अनधिकृत इमारतों को खाली करने के लिए निवासियों को 31 जनवरी तक का नोटिस दिया है। अब तक तीन इमारतों को खाली कराया जा चुका है, जिससे सैकड़ों परिवार बेघर हो गए हैं। स्थानीय निवासियों ने सांसद से अपनी पीड़ा साझा करते हुए कहा, 'हमें बेघर मत होने दो, हमारा घर बचा लो।'

### डॉ. सावरा का बयान

सांसद ने कहा, 'यह समस्या 2007 से शुरू हुई थी। यदि उस समय जिम्मेदार अधिकारियों ने कार्रवाई की होती, तो आज हजारों परिवारों को बेघर होने की नौबत नहीं आती।' उन्होंने सोशल मीडिया पर इस मुद्दे को लेकर फैलाए जा रहे भ्रामक प्रचार पर भी नाराजगी जाहिर की।

## वोटर्स-डे के मौके पर कांग्रेस का चुनाव आयोग पर हमला

# 'महाराष्ट्र के लोगों के साथ धोखा हुआ...'

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

कांग्रेस ने शनिवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस (National Voters Day) पर निर्वाचन आयोग (EC) की स्वतंत्रता पर सवाल उठाते हुए, बड़ा हमला बोला है।कांग्रेस ने दावा किया कि आज जिस तरह से आयोग काम कर रहा है वह संविधान का मजाक एवं मतदाताओं का अपमान है।उन्होंने पिछले एक दशक में छेड़छाड़ किये जाने का भी दावा किया है। महाराष्ट्र के पूर्व सीएम और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज चव्हान ने चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए कहा है कि चुनाव आयोग निष्पक्षता के साथ काम नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा है कि आज नेशनल वोटर्स डे है, मगर चुनाव आयोग पारदर्शिता के साथ काम नहीं कर रहा है।



### पृथ्वीराज ने सीएम को भी घेरा

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा, मुख्यमंत्री दावोस इन्वेस्टमेंट ट्रिप पर गए थे। यह अच्छी बात है, बधाई, लेकिन पहले का अनुभव क्या रहा? जब एकनाथ शिंदे गए थे, तब क्या हुआ? पिछली सरकार ने जो MOU साइन किए थे, उनकी आज क्या स्थिति है? क्या लोगों को नौकरी मिली? क्या इमारतें बन रही हैं? 16 लाख करोड़ के MOU हुए थे, उनमें से कितनी कंपनियां महाराष्ट्र की हैं? अगर महाराष्ट्र की कंपनियों से समझौता करना था, तो इसके लिए दावोस जाने की क्या जरूरत थी? इसे यहीं किया जा सकता था। उन्होंने कहा, मैं भी दावोस गया था, महाराष्ट्र का मार्केटिंग और प्रचार करने के लिए। इसमें कोई बुराई नहीं है। लेकिन महाराष्ट्र अब प्राथमिक औद्योगिकीकरण वाला राज्य नहीं रहा। महाराष्ट्र में उद्योग क्यों नहीं आ रहे? कितने उद्योग यहां से जा चुके हैं? यह एक बड़ा सवाल है।

### प्रवीण चक्रवर्ती ने भी चुनाव आयोग को घेरा

कांग्रेस के डेटा एनालिसिस विभाग के प्रमुख प्रवीण चक्रवर्ती ने चुनाव आयोग को घेरते हुए कहा है कि आज भारत के चुनाव आयोग का 75वां स्थापना दिवस है। मेरी राय में महाराष्ट्र के लोग चुनाव आयोग को इस दिन की बधाई नहीं देंगे। महाराष्ट्र के लोगों के साथ धोखा हुआ है, और चुनाव को चोरी कर लिया गया। महाराष्ट्र में आज की सरकार निष्पक्ष चुनावों के जरिए बनी हुई सरकार नहीं है।

### कांग्रेस की लड़ाई जारी रहेगी

पूर्व सीएम ने कहा कि हम लोकतंत्र बचाने के लिए चुनाव आयोग से अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। उन्होंने कहा है कि ईवीएम को लेकर अभी भी संशय है, इसकी पारदर्शिता पर सवाल है। उन्होंने कहा है कि पार्टी इस मुद्दे को गंभीरता से ले रही है और इसे कई स्तरों पर उठाएगी। उन्होंने कहा है कि हम कोर्ट में जाएंगे, जनता के बीच जाएंगे और ईवीएम पर सवाल उठाएंगे।

# उल्हासनगर स्टेशन के स्काई वॉक में हुई चोरी

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

उल्हासनगर स्टेशन से पूर्व को जोड़ने वाले स्काई वॉक पुल की रेलिंग चोरी हो जाने से दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। यह स्काई वॉक रोजाना हजारों स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियों और नागरिकों द्वारा इस्तेमाल किया जाता है। रेलिंग गायब होने के कारण अब कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, जिससे जानमाल का नुकसान हो सकता है।

### सुरक्षा की कमी और असामाजिक गतिविधियां



इस पुल पर सुरक्षा रक्षक तैनात नहीं होने के कारण असामाजिक तत्वों को खुला मैदान मिल गया है। युवाओं द्वारा यहां अश्लील हरकतें करने की घटनाएं भी सामने आई हैं, जिससे पुल का माहौल और भी असुरक्षित हो गया है।

### पूर्व में भी हुई थी चोरी

इसके पहले भंगार माफियाओं ने पुल पर लगे पत्रे तक चोरी कर लिए थे। अब रेलिंग के चोरी हो जाने से स्थिति और भी गंभीर हो गई है। इस पुल की देखरेख और मेंटेनेंस का जिम्मा पहले किसी कंपनी को दिया गया था, लेकिन 2015 के बाद इसे रिन्यू नहीं किया गया, जिसके कारण पुल की हालत बिगड़ती जा रही है।

### 2010 में 34 करोड़ की लागत से बना था पुल

यह स्काई वॉक 2010 में 34 करोड़ रुपये की लागत से एमएमआरडीए द्वारा निर्मित किया गया था। हालांकि, इसके बनने के बाद से ही यह कई विवादों का हिस्सा बन चुका है। स्काई वॉक पर नशेड़ी और असामाजिक तत्वों का कब्जा रहता है, जिसके कारण आए दिन यात्रियों से लूटपाट की घटनाएं भी सामने आती हैं। इसके अलावा, पुल की सीढ़ियां टूट चुकी हैं और टाइल्स भी उखड़ चुकी हैं।

### खराब रखरखाव के कारण स्थिति में सुधार की आवश्यकता

यह पुल 2010 में तो शुरू हुआ था, लेकिन इसके रखरखाव की कमी के कारण अब यह खस्ता हालात में पहुँच चुका है। इसका निर्माण गणेश नाइक और एमएमआरडीए के सदस्यों की उपस्थिति में हुआ था, लेकिन अब यह सार्वजनिक सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा बन चुका है।

# 1.5 करोड़ लोगों को पांच साल तक मिलेगी सस्ती बिजली

### MSEDCL ने रखा कटौती का प्रस्ताव

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

राज्य के 1.5 करोड़ से अधिक उपभोक्ताओं को अगले पांच सालों तक सस्ती बिजली मिलेगी। इनमें मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में 50 लाख से अधिक शामिल हैं। मुंबई में भांडुप और मुलुंड क्षेत्रों में एमएसईडीसीएल द्वारा लगभग 2 लाख उपभोक्ताओं को सेवा प्रदान की जाती है। पहली बार, महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एमएसईडीसीएल) ने विद्युत दरों में कटौती का प्रस्ताव रखा है, जो सामान्य रूप से हर साल औसतन 9 प्रतिशत बढ़ती है। इसके अलावा राज्य बिजली आपूर्तिकर्ता ने राज्य के 45 लाख किसानों और कृषि उपभोक्ताओं के लिए एक अलग कंपनी बनाने का भी प्रस्ताव दिया है।

> इतिहास में कभी भी हमारी दरें कम नहीं हुई हैं, जो औसतन 9% की वार्षिक वृद्धि दर पर बढ़ती रही हैं। हमने किसानों के लिए कृषि आपूर्ति के लिए एक अलग कंपनी का प्रस्ताव दिया है। पिछले डेढ़ वर्षों में हमने 45,000 मेगावाट के पीपीए पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे 2030 तक स्थापित क्षमता 81,000 मेगावाट हो जाएगी। इसके साथ ही हमारी नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी वर्तमान 13% से बढ़कर 52% हो जाएगी।
>
> लोकेश चंद्रा, एमएसईडीसीएल के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर



### नई बिजली दरें घोषित

शुक्रवार को एमएसईडीसीएल ने 2025-26 से 2029-30 तक प्रस्तावित बहु-वर्षीय बिजली दरें घोषित कीं है। वे आवासीय उपभोक्ता जो 100 यूनिट से कम, 301-500 यूनिट और 500 यूनिट से अधिक बिजली की खपत करने वाले इस प्रस्तावित दर योजना से लाभान्वित होंगे। एमएसईडीसीएल अधिकारियों के अनुसार, लगभग 55-60 प्रतिशत उपभोक्ता जो 300 यूनिट से कम बिजली की खपत करते हैं और 25-30 प्रतिशत किसान, कुल 2.76 करोड़ उपभोक्ताओं की श्रेणी में आते हैं। गर्मियों के दौरान बिजली की पीक डिमांड 36,000 मेगावाट को पार कर जाती है। एमएसईडीसीएल के अधिकारियों ने बताया कि वे समाज के सभी वर्गों को टिकाऊ और सस्ती ऊर्जा प्रदान करना चाहते हैं, साथ ही उद्योगों पर क्रॉस-सब्सिडी का बोझ हटाना चाहते हैं। अधिकारियों ने यह भी कहा कि प्रस्तावित दर योजना के तहत 101-300 यूनिट की खपत करने वाले उपभोक्ताओं को हर साल वृद्धि का सामना करना पड़ेगा।

# नागपुर के सिंघम को मिलेगा राष्ट्रपति पदक

## गणतंत्र दिवस पर 942 कर्मियों को वीरता और सेवा पदक देने का हुआ ऐलान

डीबीडी संवाददाता | मुंबई/ नई दिल्ली



नागपुर के लिए इस साल का गणतंत्र दिवस बेहद ही खास होने वाला है। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर केंद्र सरकार ने पुलिस बल में असाधारण सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक प्राप्तकर्ताओं की घोषणा की। इन पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं में नागपुर के पुलिस आयुक्त डॉ. रविंद्र सिंघल भी शामिल हैं, जो कि नागपुर रहवासी है और नागपुर शहर के लोगों के लिए गर्व की बात है। केंद्र सरकार ने शनिवार को गणतंत्र दिवस, 2025 के अवसर पर वीरता एवं सेवा पदक के लिए पुलिस, अग्निशमन, होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा (एचजीएंडसीडी) तथा सुधारात्मक सेवाओं के 942 कर्मियों के नामों की घोषणा की।

### इन जवानों को मरणोपरांत मिलेगा पदक

942 कर्मियों में से पांच को मरणोपरांत वीरता पदक प्रदान किए गए हैं। इनमें जम्मू-कश्मीर पुलिस के पुलिस उपाधीक्षक हिमायूं मुजम्मिल, सीमा सुरक्षा बल के हेड कांस्टेबल गिरजेश कुमार उद्दे, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कांस्टेबल सुनील कुमार पांडे, सशस्त्र सीमा बल के हेड कांस्टेबल रवि शर्मा और सेलेक्शन ग्रेड फायरमैन सतीश कुमार रैना शामिल हैं। कुल 942 वीरता और सेवा पदकों में से 95 वीरता पदक हैं, 101 विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक (पीएसएम) हैं, और 746 सराहनीय सेवा के लिए पदक (एमएसएम) हैं।

### 95 वीरता पुरस्कार

95 वीरता पुरस्कारों में से अधिकांश में 28 कर्मी वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों से हैं, 28 कर्मी जम्मू और कश्मीर क्षेत्र से, तीन उत्तर-पूर्व से और 36 कर्मी अन्य क्षेत्रों से हैं। उन्हें उनकी वीरतापूर्ण कार्रवाई के लिए सम्मानित किया जा रहा है। 95 वीरता पदकों में से, 78 पुलिस कर्मियों और 17 अग्निशमन सेवा कर्मियों को क्रमशः वीरता पदक से सम्मानित किया गया है। वीरता पदक क्रमशः जीवन और संपत्ति को बचाने, या अपराध को रोकने या अपराधियों को गिरफ्तार करने में वीरता के दुर्लभ विशिष्ट कार्य और वीरता के विशिष्ट कार्य के आधार पर दिए जाते हैं, संबंधित अधिकारी के दायित्वों और कर्तव्यों को ध्यान में रखते हुए जोखिम का अनुमान लगाया जाता है।

### 101 पीएसएम सम्मान

कुल 101 पीएसएम सम्मानों में से 85 कार्मिकों को पुलिस सेवा, पांच को अग्निशमन सेवा, सात को सिविल डिफेंस और होमगार्ड सेवा तथा चार को सुधारात्मक सेवा से सम्मानित किया गया है। 746 एमएसएम में से 634 पुलिस सेवा, 37 को अग्निशमन सेवा, 39 को सिविल डिफेंस और होमगार्ड सेवा तथा 36 को सुधारात्मक सेवा से सम्मानित किया गया है। पीएसएम को सेवा में विशेष विशिष्ट रिकॉर्ड के लिए और एमएसएम को संसाधन और कर्तव्य के प्रति समर्पण की विशेषता वाली मूल्यवान सेवा के लिए सम्मानित किया जाता है।

# बांद्रा वर्ली सी लिंक से जोड़ने वाला पुल तैयार

**26 जनवरी को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस करेंगे उद्घाटन**



**मुंबई।** मुंबई की बुनियादी ढांचे के विकास में एक और मील का पत्थर स्थापित हो गया है। मुंबई तटीय सड़क को बांद्रा वर्ली सी लिंक से जोड़ने वाला पुल बनकर तैयार हो गया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस 26 जनवरी को इस पुल का उद्घाटन करेंगे, और 27 जनवरी से आम जनता इसे इस्तेमाल कर सकेगी।

### पुल की संरचना और डिज़ाइन

यह पुल 827 मीटर लंबा है, जिसमें 699 मीटर हिस्सा समुद्र के ऊपर बना है। पुल में 2400 मीट्रिक टन वजनी, 143 मीटर लंबा, 27 मीटर चौड़ा और 31 मीटर ऊंचा 'बो आर्क स्ट्रिंग गर्डर' भी लगाया गया है।

### यातायात पर असर

बीएमसी ने जानकारी दी है कि मुंबई तटीय सड़क रोजाना 7 बजे से मध्यरात्रि तक वाहनों के लिए खुली रहेगी, और प्रतिदिन इस सड़क से औसतन 18-20 हजार वाहन गुजरते हैं। यह पुल, नरीमन पॉइंट से दहिसर तक स्वीकृत मुंबई तटीय सड़क परियोजना के तहत बनवाया जा रहा है, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार होने की उम्मीद है।

# मलाड में आग का तांडव

## 100 गोदाम जलकर राख

## 30 फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर

**मुंबई।** मुंबई के मलाड ईस्ट में भीषण आग लगने की घटना सामने आई है। आग से लगभग 100 गोदाम जलकर राख हो गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम के साथ फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची हैं। फायर ब्रिगेड की टीम आग बुझाने में जुटी हुई हैं। मौके पर अफरातफरी का माहौल है। पुलिस के मुताबिक, मलाड ईस्ट के खड्ग पाडा में ये हादसा हुआ है। पुलिस ने आसपास की दुकानों को खाली करा लिया है। आग बुझाने में फायर ब्रिगेड की 30 गाड़ियां जुटी हुई हैं। मौके पर 5 एंबुलेंस को भी बुला लिया गया है। जानकारी के मुताबिक, संकरी गलियों की वजह से आग बुझाने में परेशानी हो रही है।

**आग ने कई गोदामों को लिया चपेट में**



केमिकल फेक्ट्री, लकड़ी, रबर और कपड़े के गोदाम में आग लगी है। इस हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी का माहौल है। हालांकि, पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि आग से किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। आग को बुझाया जा रहा है। आसपास के गोदाम से लोगों को बाहर निकाल लिया गया है।

### आग से करोड़ों के नुकसान का अनुमान

एक अधिकारी ने कहा कि आग कैसे लगी, फिलहाल इसके कारणों का पता नहीं चला है। हादसे की जांच की जाएगी। क्या शॉर्ट सर्किट से आग लगी है, या किसी ने जान-बूझकर आग लगाई है, इसका पता लगाया जा रहा है। आग से कितना नुकसान हुआ है, उसका भी अनुमान लगाया जा रहा है। वहीं, स्थानीय व्यवसायियों की मानें तो करोड़ों का नुकसान हुआ है। व्यापारी इस हादसे को लेकर बेहद दुखी हैं।

# करोड़ों की ड्रग्स, लाखों का सोना और विदेशी करेंसी जब्त

## मुंबई एयरपोर्ट से दो तस्कर गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (CSMIA) पर सोने और ड्रग्स की तस्करी का बड़ा मामला सामने आया है। पिछले दो दिनों में मुंबई एयरपोर्ट पर अधिकारियों ने खुफिया सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 1.16 किलोग्राम सोना, करोड़ों की ड्रग्स और विदेशी मुद्रा जब्त की है। इस मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, 24-25 जनवरी, 2025 के दौरान, मुंबई एयरपोर्ट कमिश्नरेट (जोन-III) के अधिकारियों ने 751 ग्राम एनडीपीएस (ड्रग्स) बरामद की। जब्त ड्रग्स का अवैध बाजार मूल्य लगभग 7.51 करोड़ रुपये आंका गया है।



**सोने की तस्करी का मामला**

दूसरे मामले में 1.16 किलोग्राम सोना जब्त किया गया,जिसकी कीमत 86.68 लाख रुपये है। यह सोना तस्करी के जरिए देश में लाया जा रहा था। तीसरे मामले में अधिकारियों ने 22.40 लाख रुपये मूल्य की विदेशी मुद्रा जब्त की। सभी तीन मामलों में अधिकारियों ने खुफिया इनपुट के आधार पर कार्रवाई की। दो यात्रियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनसे पूछताछ जारी है।

### हाल ही में मुंबई एयरपोर्ट पर 6 किलो से ज्यादा का सोना जब्त

बता दें कि मुंबई एयरपोर्ट पर सोने की तस्करी का मामला आए दिन बढ़ता ही जा रहा है। हाल ही में मुंबई डीआरआई (डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस) ने छत्रपति शिवाजी महाराज एयरपोर्ट से सोने की तस्करी करने वाले चार लोगों को गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से 4 करोड़ 84 लाख रुपये कीमत का सोना बरामद किया था। तस्कर इस सोने की डस्ट वैक्स रूप में कन्वर्ट कर तस्करी कर रहे थे।

# महाराष्ट्र में भ्रष्टाचार मामलों में सबसे कम सजा दर

## एनसीआरबी रिपोर्ट से हुआ खुलासा



**मुंबई।** राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा जारी की गई नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, महाराष्ट्र ने 2022 में देश भर में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के मामलों में सबसे कम सजा दर (8.2%) दर्ज की है। रिपोर्ट के अनुसार, महाराष्ट्र में कुल 388 मामलों में ट्रायल पूरा हुआ, जो देश में सबसे अधिक है, लेकिन इनमें से केवल 32 मामलों में ही दोषियों को सजा मिली।

### सजा दर और अन्य राज्यों के आंकड़े

रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि जम्मू और कश्मीर में 14.3% सजा दर रही, जबकि बिहार में सबसे अधिक 83.3% सजा दर थी। इसके अलावा, मध्य प्रदेश में सबसे अधिक सजा मिली (110 मामले), उसके बाद राजस्थान (109), ओडिशा (90), तमिलनाडु (86) और केरल (85) का स्थान था।

### महाराष्ट्र भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के आंकड़े

महाराष्ट्र एसीबी के आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल 20 मामलों में ही सजा मिली, जिसमें 8 निजी व्यक्तियों समेत कुल 29 दोषियों को सजा सुनाई गई। दोषियों में अधिकांश तृतीय श्रेणी के सरकारी अधिकारी थे। इन 20 मामलों में कुल जुर्माना 8.14 लाख रुपये लगाया गया।

### सजा देने वाले विभागों का विवरण

इन 20 मामलों में दोषी ठहराए गए व्यक्तियों में राजस्व और भूमि अभिलेख, पुलिस, जिला परिषद, वन, शहरी विकास, स्वास्थ्य, म्हाडा, शिक्षा, उद्योग, ऊर्जा, श्रम, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और कृषि विभाग के अधिकारी शामिल थे।

# रायगढ़ से मुंबई का सफर होगा आसान

## रोहा स्टेशन को एक साथ मिला 10 ट्रेनों का स्टॉपेज

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई से सटे रायगढ़ जिले में के रोहा स्टेशन से यात्रा करने वाले लोगों को रेलवे ने बड़ी राहत दी है। रेलवे ने 76वें गणतंत्र दिवस से पहले 10 एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों के ठहराव की स्वीकृति दे दी है। रायगढ़ के सांसद सुनीत तटकरे ने पिछले दिनों यह मुद्दा रेल मंत्रालय में रखा था। रोहा स्टेशन पर एक साथ 10 एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों के स्टॉपेज की मंजूरी से इस क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। शनिवार को एनसीपी सांसद सुनीत तटकरे ने इंदौर एक्सप्रेस को हरी झंडी स्टॉपेज का शुभारंभ किया। रोहा स्टेशन सेंट्रल रेलवे के आधीन आता है।




### कौन-कौन सी ट्रेनें रुकेंगी?

सुनीत तटकरे जो अजित पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के महाराष्ट्र प्रदेश प्रमुख हैं। उनहोंने कहा कि यह फैसला रोहा निवासियों के लिए एक बड़ा मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि अब 10 एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनें रोहा रेलवे स्टेशन पर ठहरेंगी। तटकरे ने कहा कि कई सालों से रोहा के लोग एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों के रुकने की मांग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब कोचुवेली-इंदौर एक्सप्रेस, कोयंबटूर-हिसार एक्सप्रेस, कोचुवेली-चंडीगढ़ एक्सप्रेस, दादर-तिरुनेलवेली एक्सप्रेस, और लोकमान्य तिलक टर्मिनस-मडगांव एक्सप्रेस सहित अन्य प्रमुख ट्रेनें रोहा में रुकेंगी।

### इन क्षेत्र के लोगों को फायदा

तटकरे ने पहली ट्रेन में सफर करने वाले यात्री को टिकट सौंपकर इस शुभारंभ को यादगार बनाया। उन्होंने बताया कि लंबी दूरी की ट्रेनों को रोहा में ठहराने के लिए किए गए प्रयास कितने महत्वपूर्ण थे। साथ ही, उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री का इस सपने को साकार करने में सहयोग देने के लिए धन्यवाद दिया। इन ट्रेनों के रुकने से रोहा, माणगांव, कोलाड, और पेन के यात्रियों को फायदा होगा। दक्षिण और उत्तर भारत को जोड़ने वाली ये ट्रेनें यात्रा को अधिक सुविधाजनक बनाएंगी। तटकरे ने यह भी आश्वासन दिया कि स्टेशन पर और अधिक ट्रेन ठहराव के लिए प्रयास जारी रहेंगे।

# मनोज जरांगे पाटिल की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू

**बीड।** अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कोटे के तहत मराठों के लिए आरक्षण की मांग को लेकर आरक्षण अधिकार कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने शनिवार को अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की। यह पिछले 16 महीनों में उनकी सातवीं भूख हड़ताल है। आरक्षण मांग के अलावा जरांगे ने सरपंच संतोष देशमुख की हत्या में शामिल आरोपियों के लिए मृत्युदंड की मांग की है।

**पश्चिम रेलवे**

**मानसून के दौरान निचले स्तर के क्षेत्रों में पटरियों से पानी निकालना**

वरिष्ठ डीईएन (दक्षिण) मुंबई सेंट्रल **ई-टेंडर आमंत्रित करते है सूचना संख्या: बीसीटी/24-25/268 दिनांक 22.01.2025। कार्य और स्थान: चर्चगेट-विरार खंड:** एसएसई (पी.वे) भयंदर खंड के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत वर्ष 2025 के लिए डी.जी. पंप द्वारा मानसून के दौरान निचले स्तर के क्षेत्रों में पटरियों से पानी निकालना। **कार्य की अनुमानित लागत:** 59,82,000/-। **ईएमडी:** 1,19,600/-। **जमा करने की तिथि और समय:** 18.02.2025, 15:00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समय:** 18.02.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। 1009

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

**शुद्धिपत्र क्रमांक 1**

**निविदा क्रमांक 81241026A**, विभाग / रेलवे स्टोर / मध्य रेलवे समापन: 03.02.2025. **निविदा शीर्षक**: अनारक्षित टिकट के लिए 500 प्रत्येक का थर्मल टिकट रोल. **संशोधन: 1) एनआईटी हेडर: फ़ील्ड का नाम: निविदा बंद होने की तिथि/समय.** मौजूदा मान: **22.01.2025 /11.30 पूर्वाहन.** संशोधित मान: **03.02.2025/11.30 पूर्वाहन.** DE-723

रेल्वे फाटक को बंध स्थिति में पार करना मना है

**मध्य रेल**

**सफाई और पेंटिंग का कार्य**

**खुली ई-निविदा संख्या: केवायएन-एलडी-583-पीरिव्हे-24-25-07आर1, दिनांक: 21.01.2025. कार्य का विवरण**: मध्य रेलवे के मुंबई मंडल के कल्याण और लोनावाला जिले में ओएचई और पीएसआई संरचनाओं की सफाई और पेंटिंग। **अनुमानित लागत**: रु. 8807521.54. **ईएमडी**: रु. 176200/-. **निविदा पपत्र का शुल्क**: रु. 0/-. **समापन अवधी**: 12 महीने। ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथी एवं अवधि दि. 20.02.2025 को 11:00 बजे है। ई-निविदा की विस्तृत जानकारी रेल की अधिकारीक वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा की जानकरी वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क. वि.) मध्य रेल, कल्याण के सुचना पट पर उपलब्ध है। DE-718

रेल्वे फाटक को बंध स्थिति में पार करना मना है

**मध्य रेल**

**शुद्धिपत्र**

एतद्द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि **निविदा सूचना स. म.रे. / म.रे. प्र.(कार्य) बी.बी./2024/30 में अ. क्र. 08, और 09** जिन्हें 24.01.2025 तक स्थगित कर दिया गया था, अब प्रशासनिक कारणों से **31.01.2025** को खुलेगी। DE-719

रेल्वे फाटक को बंध स्थिति में पार करना मना है

**मध्य रेल**

**विभिन्न कार्य**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.च. स्टॉक) मध्य रेल विदयुत लोको शेड कल्याण 421301 द्वारा, प्रतिष्ठित ठेकेदारों से खुली ई निविदा वेबसाईट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित करते है। **क्र.1. कार्य का विवरण**: विद्युत् लोको शेड कल्याण में 128 नंबर रूफ माउंटेड केब ऐयर कन्दिशनर युनिट (64 लोको) का स्पेयर्स के बदलाव के साथ तीन वर्ष की अवधि के लिए वार्षिक अनुरक्षण ठेका। **निविदा क्र: ईएलएस केवायएनवर्क्स24-31_कैद - ऐसी। कार्य की औसत लागत**: रु.1,78,01,681.98 (जी एस टी सहित)। **ई.एम.डी. / बिडसि क्योरिटी**: रु. 2,39,000/-. **निविदा पत्र का मूल्य**: 0/-. **समापन / अनुरक्षण अवधि**: 36 माह। **बिड प्रकार**: सिंगल पैकेट। **क्र.2. कार्य का विवरण**: तीन साल की अवधि के लिए उपकरण और औजार मापन का कैलिब्रेशन **निविदा क्र: ईएलएसकेवायएनवर्क्स-2024-25-कैलिब्र।कार्य की औसत लागत**: रु. 20,26,160.40 (जी एस टी सहित)। **ई.एम.डी. / बिडसि क्योरिटी**: रु 40,500/-. **निविदा पत्र का मूल्य**: 0/-. **समापन / अनुरक्षण अवधि**: 36 माह। **बिड प्रकार**: सिंगल पैकेट। **अनुदेश: 1. उपरोक्त निविदा की बंद होने की तिथि एवं समय 13.02.2025 को 11:00 बजे और उसी दिन 11:00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदा ऑफर की वैधता 60 दिन है। 2.** निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध हैं। सम्पूर्ण विवरण वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.च.स्टॉक) मध्य रेल विद्युत लोको शेंड कल्याण 421301 के कार्यालय मे भी उपलब्ध हैं। DE-722

रेल्वे फाटक को बंध स्थिति में पार करना मना है

**मध्य रेल**

**विद्युत कार्य**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क. च. स्टॉक) मध्य रेल विद्युत लोको शेड कल्याण 421301, प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निम्मलिखित कार्यो/ सर्विसेज के लिए खुली ई निविदा वेबसाईट **https://gem.gov.in/** के माध्यम से आमंत्रित करते है। **कार्य का विवरण**: इलेक्ट्रिक लोको शेड, कल्याण में सीनियर स्केल / जूनियर स्केल अधिकारियों के उपयोग के लिए (01) एक एसयूवी (नॉन एसी) मारुति सुजुकी अर्टिगा, महिंद्रा एक्सयूवी-500, मारुति सुजुकी एक्सएल - 6 या इसी तरह की किसी अन्य गाड़ी; 2000 किमी, आउटस्टेशन 24x7, 2 साल के अवधि के लिए किराये पर लेने हेतु। **निविदा क्र: GEM/2025/B/5853756 dated : 22.01.2025. कार्य की औसत लागत**: रु.16,02,840/-(जी एस टी सहित)। **ई.एम.डी.**: रु.32,100/-. **निविदा पत्र का मूल्य**: रु.0.00. **समापन/अनुरक्षण अवधि**: 24 माह (समापन)। **अनुदेश: 1. उपरोक्त निविदा की बंद होने की तिथि एवं समय 20.02.2025 को 11.00 बजे और उसी दिन 11:30 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदा ऑफर की वैधता 60 दिन है। 2.** निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **https://gem.gov.in/** पर भी उपलब्ध हैं। सम्पूर्ण विवरण वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.च.स्टॉक) मध्य रेल विद्युत लोको शेड कल्याण 421301 के कार्यालय में भी उपलब्ध हैं। DE-729

रेल्वे फाटक को बंध स्थिति में पार करना मना है

# शरद पवार का अगले 4 दिनों का दौरा रद्द

## तबीयत खराब होने के चलते डॉक्टरों की सलाह

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी शरद पवार ग्रुप के अध्यक्ष शरद पवार ने अपना अगले 4 दिनों का दौरा रद्द कर दिया है। बताया जा रहा है कि उनकी तबीयत खराब हो गई है। डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है। जिसके बाद पवार ने अपने 4 दिन के दौरे को रद्द कर दिया है। डॉक्टरों ने शरद पवार को कुछ दिनों तक लगातार व्यस्त रहने से बचने की सलाह भी दी है। फिलहाल शरद पवार घर पर ही आराम करेंगे क्योंकि वह सर्दी से पीड़ित हैं। शरद पवार फिलहाल पुणे में हैं। सूत्रों के मुताबिक जल्द ही वो मुंबई लौट सकते हैं। एनसीपी में फूट अजित पवार की बगावत के बाद एनसीपी में दो गुट बंट गए। एनसीपी शरद पवार गुट और दूसरा एनसीपी अजित पवार गुट एनसीपी के कई विधायकों ने अजित पवार का समर्थन किया। इसके बाद अजित पवार को एनसीपी का सिंबल और पार्टी का नाम भी मिल गया। शरद पवार को नया चुनाव चिन्ह अलॉट हुआ, लेकिन नए सिंबल पर चुनाव लड़कर भी शरद पवार ने लोकसभा चुनाव में राष्ट्रवादी अजित पवार गुट और महागठबंधन को बड़ा झटका दिया। बारामती में ही महागठबंधन की उम्मीदवार सुनेत्रा पवार हार गईं, जबकि सुप्रिया सुले जीत गईं।



**विधानसभा चुनाव में लगा था करारा झटका**

लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा चुनाव में महायुति ने जोरदार वापसी की, राज्य में महायुति को स्पष्ट बहुमत मिला, महायुति की 232 सीटें चुनी गईं। 131 सीटों के साथ बीजेपी राज्य में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। इस चुनाव में महाविकास अघाड़ी को बड़ा झटका लगा, महाविकास अघाड़ी की तीनों पार्टियां मिलकर सिर्फ 50 सीटें ही जीत पाईं।

### शरद पवार गुट को मिली केवल 10 सीटें

एनसीपी शरद पवार ग्रुप को सबसे कम सीटें मिलीं, एनसीपी शरद पवार ग्रुप को सिर्फ 10 सीटों से ही संतोष करना पड़ा। लेकिन उसके बाद भी शरद पवार ने हार नहीं मानी, उन्होंने एक बार फिर राज्य भर में दौरा शुरू किया। महागठबंधन पर करारा हमला बोला गया। अब भी उनके दौरे जारी हैं, लेकिन बताया जा रहा है कि उनकी तबीयत खराब होने के कारण अगले चार दिनों के दौरे रद्द कर दिए गए हैं। शरद पवार अगले चार दिनों में राज्य के अलग-अलग जिलों का दौरा करने वाले थे। विधानसभा चुनाव के बाद से ही लोगों से लगातार मिल रहे हैं और समय-समय पर सरकार को लेकर अपनी बात भी रखते हैं।

संपादकीय

# उच्च शिक्षा की उखड़ती जड़ें

केरल विधानसभा ने बीते मंगलवार 21 जनवरी को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग या यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यूजीसी) के मसौदा नियमों को वापस लेने का आग्रह किया है। केरल विधानसभा ने बीते मंगलवार 21 जनवरी को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग या यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यूजीसी) के मसौदा नियमों को वापस लेने का आग्रह किया है। यूजीसी के नए मसौदा नियमों की आलोचना कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे गैर-भाजपा शासित राज्यों ने भी की है। इस महीने की शुरुआत में तमिलनाडु सरकार ने इसकी आलोचना की थी। राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री गोवी चेजियान ने यूजीसी नियमों के मसौदे को तानाशाही बताते हुए कहा था कि अगर केंद्र सरकार इसे वापस नहीं लेती है तो डीएमके सरकार कानून का सहारा लेगी और इस मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन भी करेगी। वहीं केरल में न केवल सत्तारुढ़ सीपीआई (एम) बल्कि विपक्षी कांग्रेस भी इस फैसले में साथ है। केरल में सरकार और विपक्ष दोनों का मानना है कि यह उच्च शिक्षा में संघ परिवार के एजेंडे का हिस्सा है। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने अपने प्रस्ताव में यूजीसी मसौदा नियमों को उच्च शिक्षा क्षेत्र के व्यवसायीकरण के लिए एक कदम मात्र बताया है। प्रस्ताव में कहा गया है कि बदलते नियमों को उच्च शिक्षा को धार्मिक और सांप्रदायिक विचारों का प्रचार करने वालों के चंगुल में फसाने के प्रयास के रूप में देखा जा सकता है। प्रस्ताव में कहा गया है, 'विश्वविद्यालयों और अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों के कामकाज के लिए लगभग 80 प्रतिशत पैसा राज्य सरकारों द्वारा खर्च किया जाता है। विश्वविद्यालयों की गुणवत्ता को बनाए रखने में राज्य सरकारों की प्रमुख भूमिका रहती है। केरल विधानसभा का मानना है कि केंद्र सरका गौरतलब है कि हाल ही में केंद्र सरकार ने यूजीसी के नए मसौदा नियम जारी किए, जिसमें ऊपरी तौर पर यह दिखाने की कोशिश की गई है कि ये फैसले उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और विश्वविद्यालयों का स्तर ऊंचा उठाने के लिए किए गए। लेकिन असल में इससे उच्च शिक्षा में बड़ी सेंध लगती नजर आ रही है। गौरतलब है कि यूजीसी के नए नियम राज्यों में राज्यपालों को कुलपतियों की नियुक्ति के लिए व्यापक अधिकार दिया गया है। साथ ही कुलपति का पद शिक्षाविदों तक सीमित नहीं रखकर इसे उद्योग विशेषज्ञों और सार्वजनिक क्षेत्र के दिग्गजों के लिए भी खोल दिया गया है। मतलब अब अगर कोई उद्योगपति चाहे तो वह किसी विश्वविद्यालय का कुलपति बन सकता है, भले उसके पास शैक्षणिक योग्यता और अनुभव न हों। उच्च शिक्षा के साथ इतना भद्दा खिलवाड़ आजादी के बाद से अब तक नहीं हुआ। नरेन्द्र मोदी इसे भी मुमकिन बना रहे हैं। इस फैसले पर गैर भाजपाई दल और सरकारें तो फिक्रमंद दिख ही रहे हैं, भाजपा की सहयोगी जदयू ने भी इस पर आपत्ति दर्ज की है। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि हमें कुलपतियों की नियुक्ति में निर्वाचित सरकारों की भूमिका सीमित करने को लेकर चिंता है। यह उच्च शिक्षा के लिए राज्य सरकार के रोड मैप को प्रभावित करेगा। भाजपा की एक अन्य सहयोगी लोजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अरविंद कुमार वाजपेयी ने कहा कि इस मामले पर विचार-विमर्श करना संसद का विशेषाधिकार है। यूजीसी ने प्रकाशनों की मानक सूची को भी बंद करने का फैसला लिया है। बता दें कि विश्वविद्यालय और डिग्री कॉलेज के प्राध्यापकों की पदोन्नति के लिए उत्कृष्ट पत्रिकाओं और जर्नल में शोध-पत्र किताब और लेख प्रकाशित होना चाहिए। इसके लिए यूजीसी की मानक सूची से उन पत्रिकाओं की पहचान करने में मदद मिलती थी, जो विश्वसनीय हैं और शोधपत्र प्रकाशित करने के लिए कुछ गुणवत्ता मानकों को पूरा करती हैं। दरअसल पहले कुछ कीमत अदा करके फर्जी पत्रिकाओं में शोध आलेख प्रकाशित करवा लिए जाते थे, जिस पर रोक लगाने के लिए 2018 में यूजीसी-कंसोर्टियम फॉर एकेडमिक्स एंड रिसर्च एथिक्स यानी यूजीसी केयर शुरु किया गया, जो स्कोप्स और वेब ऑफ साइंस जैसे विश्व स्तर पर स्वीकृत डेटाबेस में अनुक्रमित पत्रिकाओं की एक संदर्भ सूची है।

# जागरूकता के साथ जिम्मेदारी भी जरूरी

डॉ. सुधीर कुमार

इस वर्ष के राष्ट्रीय मतदाता दिवस का विशेष महत्व है क्योंकि यह लोकतंत्र के 75साल पूरे होने के वर्ष में मनाया जा रहा है। भारत में यह दिन हर साल 25 जनवरी को मनाया जाता है, जो भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना का दिवस भी है।

लोकतंत्र का आधार मतदान है और युवा इस आधार को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। इस दिन का उद्देश्य नागरिकों में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना, मतदाता सूची में नाम दर्ज कराना और मतदान प्रक्रिया को सुचारु रूप से संचालित करना है। हमारे देश में युवा आबादी काफी बड़ी है। ऐसे में युवाओं को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक करना अत्यंत जरूरी है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस युवाओं को सशक्त बनाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह उन्हें लोकतंत्र में भागीदार बनने, समाज में सक्रिय भूमिका निभाने और देश के विकास में योगदान देने का मौका देता है।

इस वर्ष के राष्ट्रीय मतदाता दिवस का विशेष महत्व है क्योंकि यह लोकतंत्र के 75 वर्ष पूरे होने के वर्ष में मनाया जा रहा है। भारत में यह दिन हर साल 25 जनवरी को मनाया जाता है, जो भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना का दिवस भी है। 25 जनवरी, 2025 को मनाया जाने वाला राष्ट्रीय मतदाता दिवस देश के हर नागरिक, विशेषकर युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। लोकतंत्र की सफलता का आधार स्वतंत्र, निष्पक्ष और सक्रिय मतदान है। जब अधिक से अधिक लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं, तभी एक सच्चा लोकतंत्र फल-फूल सकता है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दिन विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मतदान के महत्व, मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की प्रक्रिया, दिव्यांगजन सहित सभी वर्गों के लिए मतदान की सुविधाओं आदि के बारे में जानकारी दी जाती है। इस दिन युवाओं को विशेष रूप से संबोधित किया जाता है और उन्हें मतदान के महत्व के बारे में जागरूक किया जाता है।

मतदान एक कानूनी अधिकार है, और यह हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था का आधार है। भारत में, मतदान से संबंधित सभी गतिविधियों को चुनाव आयोग द्वारा नियंत्रित किया जाता है। चुनाव आयोग एक स्वतंत्र संस्था है जो निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने के लिए जिम्मेदार है। भारत में 18 वर्ष की आयु पूरी करने पर प्रत्येक नागरिक को मतदान का अधिकार प्राप्त होता है। सभी योग्य मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज होते हैं। मतदान एक गुप्त प्रक्रिया है। कोई भी यह नहीं जान सकता कि आपने किस उम्मीदवार को वोट दिया है।

शिक्षक छात्रों को लोकतंत्र के मूल्यों, मतदान का महत्व बताने के साथ अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बना



सकते हैं। शिक्षक स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में वाद-विवाद, निबंध लेखन प्रतियोगिताएं, नाटक, पोस्टर प्रदर्शन आदि आयोजित कर सकते हैं। छात्रों के बीच मॉक पोल का आयोजन कर उन्हें वास्तविक मतदान प्रक्रिया से परिचित कराया जा सकता है। विशेषज्ञों को आमंत्रित कर सेमिनार और कार्यशालाओं का आयोजन किया जा सकता है, जिसमें छात्रों को मतदान के महत्व और चुनौतियों के बारे में जानकारी दी जाए। शिक्षक चुनाव आयोग के साथ मिलकर छात्रों को मतदाता पहचान पत्र बनवाने में मदद कर सकते हैं। इससे छात्र अपने मताधिकार का सही तरीके से प्रयोग करेंगे और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में योगदान देंगे।

युवाओं को यह समझाना होगा कि लोकतंत्र एक ऐसी व्यवस्था है जिसमें हर नागरिक के पास अपनी सरकार चुनने का अधिकार होता है। मतदान इसी अधिकार का प्रयोग करने का एक तरीका है। युवाओं को यह बताना चाहिए कि वे अपने मतदान के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। वे ऐसे नेताओं को चुन सकते हैं जो उनके मुद्दों को समझें और उनके लिए काम करें। उन्हें ऐसे नेताओं को चुनना चाहिए जो देश के विकास के लिए प्रतिबद्ध हों। युवाओं को यह समझाना होगा कि मतदान एक जिम्मेदारी भी है। उन्हें अपने देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझना चाहिए और मतदान करके इसे निभाना चाहिए।

अंत में, हमें यह भी याद रखना चाहिए कि मतदान केवल चुनाव के दिन तक सीमित नहीं है। हमें अपने प्रतिनिधियों के काम पर नजर रखनी चाहिए और उन्हें उनके वादों को पूरा करने के लिए जवाबदेह ठहराना चाहिए। राष्ट्रीय मतदाता दिवस हमें एक महत्वपूर्ण संदेश देता है कि लोकतंत्र की मजबूती हमारे हाथों में है।

जीवन मंत्र

# गलत कामों से बचना चाहिए

रामायण का किस्सा है। वैसे तो हमें कोई गलत काम करना ही नहीं चाहिए, लेकिन अगर कोई गलती हो जाए तो तुरंत उस व्यक्ति से क्षमा मांगनी चाहिए, जिसे हमारी वजह से नुकसान हुआ है। ये बात देवराज इंद्र के पुत्र जयंत से जुड़े किस्से से समझ सकते हैं।

जयंत देवराज इंद्र का पुत्र था तो उसे लगता था कि वह कुछ भी कर सकता है। वनवास के दिनों में श्रीराम, सीता और लक्ष्मण चित्रकूट में रह रहे थे। एक दिन श्रीराम और सीता चित्रकूट में अपनी कुटिया के पास बैठे हुए थे। उस समय जयंत ने राम को देखा तो उसने सोचा कि मुझे राम की परीक्षा लेनी चाहिए कि ये कितने बलशाली हैं। जयंत ने राम की परीक्षा लेने के लिए कौए का रूप धारण किया। कौए के रूप में जयंत ने देवी सीता के पैरों में चोंच मार दी।

कौए की चोंच की वजह से सीता जी के पैरों में दर्द होने लगा। सीता के दर्द को देखकर श्रीराम ने एक छोटे से तिनके का बाण बनाया और अभिमंत्रित करके जयंत के पीछे छोड़ दिया।

श्रीराम के द्वारा छोड़ा गया एक छोटा सा तिनका ब्रह्मास्त्र की तरह जयंत के पीछे लग गया, जयंत डर गया। वह तुरंत ही अपने पिता देवराज इंद्र के पास पहुंचा। इंद्र ने अपने पुत्र जयंत से कहा कि तूने श्रीराम के प्रति अपराध किया है तो मैं तुझे नहीं



बचा सकता।

इंद्र से मदद न मिलने के बाद जयंत कई और जगहों पर छिपने के लिए पहुंचा, लेकिन कहीं से भी उसे कोई मदद नहीं मिली। अंत में उसे नारद मुनि मिल गए।

जयंत ने नारद मुनि को पूरी घटना बताई और इस संकट से बचने का उपाय पूछा। नारद जी की वजह से वह बाण थोड़ी देर वहीं रुक गया था, क्योंकि वे देवर्षि थे। पूरी बात समझने के बाद नारद ने कहा कि जयंत, तुम भूल कर रहे हो। गलती तुमने राम और सीता के प्रति की है और तुम चाहते हो कि कोई दूसरा तुम्हें बचा लेगा तो ऐसा नहीं हो पाएगा। तुम्हें श्रीराम और सीता से ही क्षमा मांगनी होगी, वे तुम्हें क्षमा कर देंगे तो तुम्हारा संकट दूर हो जाएगा।

नारद मुनि की बात मानकर जयंत तुरंत श्रीराम और सीता के पास पहुंचा और क्षमा मांगने लगा। श्रीराम ने जयंत से कहा कि तुम्हें दंड तो मिलना ही चाहिए, लेकिन तुम क्षमा मांग रहे हो तो तुम्हें मृत्यु दंड नहीं मिलना चाहिए, ऐसा कहकर श्रीराम ने उसकी एक आंख में तीर मार दिया, उसकी एक आंख खराब हो गई, लेकिन उसे जीवित छोड़ दिया।हमसे जिस व्यक्ति के प्रति कोई गलती हुई है, जिस व्यक्ति का हमारी वजह से नुकसान हुआ है, सबसे पहले उसी व्यक्ति से हमें क्षमा मांगनी चाहिए। जब वह व्यक्ति हमें क्षमा करेगा, सिर्फ तब ही हमारी गलती सुधर सकती है।

जीवन ऊर्जा

जॉन वेन : जन्म-26 मई, 1907

जन्म

# पुरुषों को सख्त, निष्पक्ष और साहसी होना चाहिए

जॉन वेन, जिनका जन्म मैरियन मॉरिसन, 26 मई, 1907 को हुआ था, एक प्रतिष्ठित अमेरिकी अभिनेता थे जो पश्चिमी फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए जाने जाते थे। पांच दशकों से अधिक लंबे करियर के साथ, उन्होंने कठोर पुरुषत्व का प्रतीक बनाया। 11 जून 1979 को हॉलीवुड के सबसे स्थायी सितारों में से एक के रूप में एक विरासत छोड़कर वेन का निधन हो गया।

साहस का अर्थ है मौत से डरना और फिर भी कमर कस लेना। जीवन में कल सबसे महत्वपूर्ण चीज़ है। आधी रात को बहुत साफ-सुथरे तरीके से हमारे पास आता है। जब यह आता है तो यह एकदम सही होता है और यह खुद को हमारे हाथों में सौंप देता है। उम्मीद है कि हमने कल से कुछ सीखा है। मैं केवल जो कहता हूं उसके लिए जिम्मेदार हूं, आप जो समझते हैं उसके लिए नहीं। जीवन कठिन है, लेकिन जब आप मूर्ख हों तो यह और भी कठिन हो जाता है। धीमी



बात करो, धीरे बात करो, और बहुत ज्यादा मत बोलो। एक आदमी के पास जीने के लिए एक कोड, एक पंथ होना चाहिए। मैं जानना चाहता हूं कि अच्छे-अच्छे पढ़े-लिखे बेवकूफ उन आलसी और शिकायती लोगों के लिए माफी क्यों मांगते रहते हैं, जो सोचते हैं कि दुनिया उनकी जीविका का ऋणी है। मैंने हमेशा अपने पिता की सलाह का पालन किया है: उन्होंने मुझसे कहा, पहला हमेशा अपनी बात पर कायम रहना और दूसरा, कभी भी अनजाने में किसी का अपमान नहीं करना। अगर मैं आपका अपमान करता हूं, तो आप निश्चिंत हो सकते हैं कि मैं ऐसा करना चाहता हूं। और, तीसरा, उन्होंने बताया मुझे परेशानी की तलाश में इधर-उधर नहीं घूमना चाहिए। जीवन कठिन है, लेकिन यह तब और भी कठिन है जब आप मूर्ख हों। मेरे साथ अन्याय नहीं किया जाएगा, मेरा अपमान नहीं किया जाएगा और मुझ पर हाथ नहीं उठाया जाएगा। मैं अन्य लोगों के साथ ये चीजें नहीं करता हूं और मैं उनसे भी यही चाहता हूं। साहस का अर्थ है मौत से डरना... और फिर भी काठी बांधना। कल आशा है कि हमने कल से कुछ सीखा होगा। जब आप मुसीबत के सामने आते हैं, तो उसका सामना करने से वह कभी भी आधी बुरी नहीं होती।

शख्सियत जूलिया मार्गरेट कैमरून

# संवेदनशील चित्रों के लिए जानी जानेवाली ब्रिटिश फोटोग्राफर



जूलिया मार्गरेट कैमरून का जन्म 11 जून 1815 को गार्डन रीच, कलकत्ता, भारत में एडलिन मैरी और जेम्स पीटर पैटल के घर हुआ था। पहले कलकत्ता के एंग्लो-इंडियन अपर क्लास और फिर लंदन के सांस्कृतिक अभिजात वर्ग के बीच खुद को स्थापित करने के बाद, कैमरून ने आइल ऑफ वाइट के समुद्र तटीय गांव फ्रेशवॉटर में अपना खुद का सैलून बनाया, जहां प्रतिष्ठित विक्टोरियन लोग अक्सर आते थे।

जूलिया मार्गरेट कैमरून एक ब्रिटिश फोटोग्राफर थीं जिन्हें 19वीं सदी के सबसे महत्वपूर्ण चित्रकारों में से एक माना जाता है। वह प्रसिद्ध विक्टोरियन पुरुषों और महिलाओं के सॉफ्ट-फोकस क्लोज़-अप, पौराणिक कथाओं, ईसाई धर्म और साहित्य के पात्रों को चित्रित करने वाली सचित्र छवियों और पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के संवेदनशील चित्रों के लिए जानी जाती हैं।

कई वर्षों तक फ़ोटोग्राफ़ी में गहरी रुचि दिखाने के बाद, कैमरून ने 48 वर्ष की अपेक्षाकृत देर से अभ्यास करना शुरू किया, जब उनकी बेटी ने उन्हें उपहार के रूप में एक कैमरा दिया। उन्होंने जल्दी ही फ्रेशवाटर में उनके स्टूडियो में आने वाले पुरुषों, महिलाओं और बच्चों की प्रतिभा, सुंदरता और मासूमियत को दर्शाते हुए एक बड़ा काम तैयार किया, और झांकी विवंत, थिएटर, 15 वीं शताब्दी के इतालवी चित्रकारों और से प्रेरित अद्वितीय रूपक छवियां बनाईं। उनके रचनात्मक समकालीनों का कार्य। उनका फोटोग्राफी करियर छोटा लेकिन उत्पादक था। उन्होंने 12 साल की अवधि में लगभग 900 तस्वीरें बनाईं। कैमरून का काम अपने समय में विवादास्पद था। आलोचकों ने उनकी नरम केंद्रित और अपरिष्कृत छवियों का उपहास किया, और उनकी चित्रात्मक तस्वीरों को शौकिया और दिखावटी माना। हालांकि, सम्मानित पुरुषों (जैसे हेनरी टेलर, चार्ल्स डार्विन और सर जॉन हर्शेल) द्वारा उनके चित्रों की लगातार प्रशंसा की गई है, उनके अपने जीवन में और उसके बाद से उनके काम की समीक्षाओं में। उनकी छवियों को 'असाधारण रूप से शक्तिशाली' और ₹पूरी तरह से मौलिक₹ के रूप में वर्णित किया गया है, और उन्हें माध्यम के इतिहास में पहला क्लोज़-अप बनाने का श्रेय दिया गया है। इनकी मृत्यु 26 जनवरी 1879 को हो गई।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# शरण में आए हुए को त्यागना है पाप

इंद्र देव और अग्नि देव के विषय में महाभारत में एक रोचक कथा मिलती है:

एक बार राजा उशीनर के महत्त्व को समझने के लिये इन्द्र और अग्नि उनकी राजसभा में उनकी परीक्षा लेने गये। वे दोनों उस समय उशीनर की परीक्षा लेना चाहते थे; अतः इन्द्र ने बाज पक्षी का रूप धारण किया और अग्नि ने कबूतर का। इस प्रकार वे राजा के यज्ञमण्डप में गये। अपनी रक्षा के लिये आश्रय चाहने वाला कबूतर बाज के भय से डरकर राजा की गोदी में जा छिपा। तब बाज ने कहा - राजन् ! समस्त भूपाल केवल आपको ही धर्मात्मा बताते हैं। फिर आप यह सम्पूर्ण धर्मों से विरुद्ध कर्म कैसे करना चाहते हैं। महाराज ! मैं भूख से कष्ट पा रहा हूँ और कबूतर मेरा आहार नियत किया गया है। आप धर्म के लोभ से इसकी रक्षा न करें वास्तव में इसे आश्रय देकर आपने धर्म का परित्याग ही किया है। राजा बोले - पक्षिराज ! यह कबूतर तुम से डरकर घबराया हुआ है और अपने



प्राण बचाने की इच्छा से मेरे समीप आया है। यह अपनी रक्षा चाहता है। बाज ! इस प्रकार अभय चाहने वाले इस कबूतर को यदि मैं तुमको नहीं सौंप रहा हूँ, यह तो परम धर्म है। इसे तुम कैसे नहीं देख रहे हो ? बाज ! देखो तो यह बेचारा कबूतर किस प्रकार भय से व्याकुल हो थर-थर काँप रहा है। इसने अपने प्राणों की रक्षा के लिये ही मेरी शरण ली है। ऐसी दशा में इसे त्याग देना बड़ी ही निन्दा की बात है। जो मनुष्य ब्राह्मणों की हत्या करता है, जो जगन्माता गौका वध करता है तथा जो शरण में आये हुए को त्याग देता है, इन तीनों को समान पाप लगता है। बाज ने कहा - महाराज ! सब प्राणी आहार से ही उत्पन्न होते हैं, आहार से ही उनकी वृद्धि होती है और आहार से ही जीवित रहते हैं। जिसको त्यागना बहुत कठिन है, उस अर्थ के बिना भी मनुष्य बहुत दिनों तक जीवित रह सकता है, परंतु भोजन छोड़ देने पर कोई भी अधिक समय तक जीवन धारण नहीं कर सकता। प्रजानाथ! आज आपने मुझे भोजन से वंचित कर दिया है, इसलिये मेरे प्राण इस शरीर को छोड़कर अकुतो भय-पथ (मृत्यु) को प्राप्त हो जायँगे। धर्मात्मन् ! इस प्रकार मेरी मृत्यु हो जानेपर मेरे स्त्री-पुत्र आदि भी (असहाय होने के कारण) नष्ट हो जायँगे। इस तरह आप एक कबूतर की रक्षा करके बहुत-से प्राणियों की रक्षा नहीं कर रहे हैं। सत्यपराक्रमी नरेश ! जो धर्म दूसरे धर्मका बाधक हो वह धर्म नहीं, कुधर्म है। जो दूसरे किसी धर्म का विरोध न करके प्रतिष्ठित होता है वही वास्तविक धर्म है। परस्परविरुद्ध प्रतीत होनेवाले धर्मों में गौरव- लाघव का विचार करके, जिसमें दूसरों के लिये बाधा न हो उसी धर्म का आचरण करना चाहिये। राजन् !

धर्म और अधर्म का निर्णय करते समय पुण्य और पापके गौरव-लाघव पर ही दृष्टि रखकर विचार कीजिये तथा जिसमें अधिक पुण्य हो उसी को आचरण में लाने योग्य धर्म ठहराइये।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

अपने विचार



हमने अपने देश में कई भारतीय योजनाओं का अध्ययन किया है और उन्हें लागू कर रहे हैं। हमने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और उनकी योजनाओं से प्रेरणा ली है।

-**सुबियांतो**, राष्ट्रपति,इंडोनेशिया



नीतीश कुमार कैमरे पर आकर बिना कागज लिए अपने मंत्रिमंडल के मंत्रियों के नाम और विभाग बता दें। मैं अपना पूरा आंदोलन वापस लेकर नीतीश कुमार के समर्थन में फिर से खड़ा हो जाऊंगा।

-**प्रशांत किशोर**, संस्थापक, जन सुराज पार्टी



देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली सरकार को दावोस में विश्व आर्थिक मंच (WEF) की पिछली यात्राओं के दौरान हस्ताक्षरित सहमति पत्रों से प्राप्त निवेश और उत्पन्न नौकरियों पर एक श्वेत पत्र जारी करना चाहिए।

-**नाना पटोले,** महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख,कांग्रेस।



अगर अरविंद केजरीवाल में हिम्मत है तो ऐलान करें कि वो इंडिया गठबंधन छोड़ रहे हैं।

-**अलका लांबा**, उम्मीदवार, कांग्रेस पार्टी

अपने विचार

डीबीडी कार्यालय

ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001

indiagroundreport@gmail.com

भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रियल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# जलजीवन मिशन में भ्रष्टाचार के खिलाफ श्रमजीवी संगठन का धरना प्रदर्शन

- गुणवत्ता में गड़बड़ी और अधूरे कार्यों पर जताई नाराजगी
- 26 जनवरी को तहसीलदार कार्यालय पर प्रदर्शन की चेतावनी

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी 'हर घर जल, हर घर नल' योजना के तहत चल रहे जलजीवन मिशन में भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर भिवंडी में श्रमजीवी संगठन ने पंचायत समिति कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

### स्थानीय प्रशासन पर दबाव:

इस विरोध प्रदर्शन के चलते स्थानीय प्रशासन पर जांच शुरू करने और जलजीवन मिशन योजना को पारदर्शी बनाने का दबाव बढ़ गया है। प्रदर्शनकारियों ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि मांगें पूरी नहीं की गईं, तो आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है।

### आरोप: घटिया कार्य और अधूरे प्रोजेक्ट्स

भिवंडी तालुका के 197 गांवों में जलजीवन मिशन के तहत करीब 238 करोड़ रुपये की लागत से जलापूर्ति योजना चलाई जा रही है। श्रमजीवी संगठन ने आरोप लगाया है कि इन योजनाओं के कार्य अधूरे हैं और जिन कार्यों को किया गया है, उनकी गुणवत्ता बेहद खराब है। प्रदर्शनकारियों ने इसे भ्रष्टाचार का नतीजा बताते हुए ठेकेदारों और अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।



### सैकड़ों महिलाओं की भागीदारी:

धरने में सैकड़ों महिलाओं के साथ-साथ श्रमजीवी संगठन के अध्यक्ष सागर देसक, जिला युवा अध्यक्ष प्रमोद पवार, मुकेश भांगरे, महेंद्र निरगुड़ा, और आशा भोईर सहित अन्य लोग शामिल हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक चल रहे कार्यों का पूरा हिसाब-किताब नहीं लिया जाता और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती, तब तक यह धरना जारी रहेगा।

### गणतंत्र दिवस पर चेतावनी:

सागर देसक ने कहा कि अगर अधिकारियों ने समय रहते कदम नहीं उठाए, तो 26 जनवरी को राष्ट्रीय पर्व तहसीलदार कार्यालय के सामने मनाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि घटिया कार्यों में लिप्त ठेकेदारों पर तुरंत कार्रवाई शुरू होनी चाहिए।

# उल्हासनगर में 'युवा संवाद' कार्यक्रम

## महिलाओं, बच्चों और साइबर सुरक्षा पर चर्चा

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

उल्हासनगर के कैंप-3 स्थित टाउन हॉल में शुक्रवार शाम को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री द्वारा घोषित 100 दिवसीय सात सूत्री कार्ययोजना के तहत 'युवा संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं, बच्चों और साइबर सुरक्षा के मामलों पर चर्चा करना और समाज में जागरूकता फैलाना था।



### संचालन में पुलिस अधिकारियों का सहयोग

इस कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त संजय जाधव, पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे, सहायक पुलिस आयुक्त अमोल कोली, शैलेश काले और परिमंडल-4 के अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में पुलिस मित्रों और विद्यालय प्रधानाचार्यों को एक साथ लाकर भारतीय न्यायिक संहिता और 2024 में लागू होने वाले नए कानूनों के बारे में जागरूकता फैलाने पर जोर दिया गया।

### महिलाओं और बच्चों से संबंधित कानूनों पर मार्गदर्शन

बैठक में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त संजय जाधव ने महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों और उनसे संबंधित कानूनों पर गहन मार्गदर्शन प्रदान किया। इसके अलावा, साइबर विशेषज्ञ धर्मेंद्र नलावड़े ने साइबर सुरक्षा के महत्व को समझाया और लोगों को इसके प्रति जागरूक किया।

### जन जागरूकता के लिए ठोस कदम

इस कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाएं और पुरुष शामिल हुए। पुलिस मित्रों के माध्यम से स्कूलों में छात्रों और उनके अभिभावकों को इन कानूनों के बारे में जानकारी देने पर विशेष जोर दिया गया। इस प्रकार के संवाद और संगोष्ठियों के जरिए समाज में कानून के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

# श्रीकांत शिंदे के जन्मदिन कल्याण से बदलापुर तक बैनर

डीबीडी संवाददाता | कल्याण

शिवसेना शिंदे गुट और भाजपा गठबंधन की विधानसभा चुनावों में शानदार जीत के बाद, राज्य में लागू की गई विकास योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंच रहा है। इस पृष्ठभूमि में सांसद श्रीकांत शिंदे, जिन्हें "राजनीति के सिंघम" कहा जा रहा है, के जन्मदिन (4 फरवरी) के उपलक्ष्य में कल्याण से बदलापुर तक बैनर लगाए गए हैं।




### जन्मदिन से पहले उत्सव का माहौल

सांसद श्रीकांत शिंदे के जन्मदिन को लेकर कार्यकर्ताओं और समर्थकों में गजब का उत्साह है। 4 फरवरी से दस दिन पहले ही कल्याण, बदलापुर, अंबरनाथ, उल्हासनगर और डोंबिवली जैसे क्षेत्रों में उनके बड़े-बड़े बैनर लगाए गए हैं। इन बैनरों पर उनकी तस्वीरों के साथ "राजनीति के सिंघम" लिखा गया है, जो उनके मजबूत नेतृत्व और जनहितकारी कार्यों को दर्शाता है।

### शिंदे का राजनीतिक सफर

2014 में पहली बार सांसद बने श्रीकांत शिंदे ने 2019 में दोबारा लोकसभा चुनाव जीतकर अपनी राजनीतिक पकड़ मजबूत की। उनके नेतृत्व में हजारों करोड़ रुपये के फंड से क्षेत्र में आधारभूत ढांचे और जनकल्याणकारी परियोजनाओं की शुरुआत हुई। इन विकास कार्यों ने उनकी लोकप्रियता को और बढ़ाया है, जिससे कई लोग उनके नेतृत्व में शिवसेना से जुड़ रहे हैं।

### नगर निगम चुनाव की तैयारी

आगामी नगर निगम चुनावों को लेकर सभी पार्टियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। शिवसेना शिंदे गुट और भाजपा गठबंधन के बीच गहरा तालमेल दिख रहा है। कल्याण-डोंबिवली, जो शिवसेना का गढ़ माना जाता है, वहां शिंदे गुट का दबदबा साफ नजर आ रहा है। उनके नेतृत्व में भाजपा के उम्मीदवार भी भारी बहुमत से विजयी हुए हैं।

### कार्यकर्ताओं का उत्साह

श्रीकांत शिंदे के जन्मदिन से पहले ही समर्थकों ने क्षेत्र में बैनर और पोस्टर लगाकर जश्न शुरू कर दिया है। कल्याण ग्रामीण, अंबरनाथ, बदलापुर और डोंबिवली जैसे इलाकों में उनकी लोकप्रियता का अंदाजा वहां लगे बैनरों से लगाया जा सकता है।

# मन्नत के लिए शाहरुख को मिलेंगे 9 करोड़ रुपए

## लीज-मालिकाना हक से जुड़ा है मामला गौरी खान ने दायर की थी याचिका

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

शाहरुख खान भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के सबसे महंगे कलाकारों में टॉप पर हैं। शाहरुख की तरह उनका बंगला 'मन्नत' भी हमेशा चर्चा में रहता है। शाहरुख के बंगले से जुड़ा एक मामला सामने आया है। इस मामले में शाहरुख ने महाराष्ट्र सरकार से 9 करोड़ रुपए वापस मांगे हैं। इसके लिए उन्होंने एक अपील भी दायर की थी। सरकार इस अपील पर अंतिम विचार कर रही है और इसे अप्रूव कर सकती है। दरअसल, मन्नत के लिए मुंबई सबअर्बन डिस्ट्रिक्ट(एमएसडी) के कलेक्टर को 9 करोड़ रुपए ज्यादा दे दिए थे। यह बंगला शाहरुख और उनकी पत्नी गौरी खान के नाम पर है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मन्नत बैंड स्टैंड, बांद्रा वेस्ट में है। महाराष्ट्र सरकार ने इस बंगले की जमीन को इसके पहले मालिक को पट्टे यानी लीज पर दी थी। शाहरुख को बंगला पसंद आया, तो मालिक ने डील कर ली। डील को महाराष्ट्र सरकार से अप्रूवल लेना था। मंजूरी मिलने के बाद मालिक ने शाहरुख को प्रॉपर्टी बेच दी, लेकिन मालिकाना हक होना बाकी था।

### शाहरुख खान ने 30 करोड़ रुपए में खरीदा 'मन्नत'

कपल ने आवेदन किया और कलेक्टर ने इसे महाकाष्ट्र सरकार के पास अप्रूवल के लिए भेजा है। उम्मीद जताई जा रही है कि सरकार इसे अप्रूव कर देगी तो शाहरुख को वापिस पैसे मिलेंगे। बता दें, शाहरुख ने मन्नत को 30 करोड़ रुपए में खरीदा था। उनके पास सेविंग 2 करोड़ रुपए थे। उन्होंने बाकी पैसे लोन पर लिए थे। डीडीएलजे की सक्सेस और कड़ी मेहनत से उन्होंने 4 साल में यह लोन चुका दिया था।



### शाहरुख खान से वसूली ज्यादा कन्वर्जन फी

महाराष्ट्र की एक पॉलिसी है जिसके तहत लीज पर ली गई जमीन का मालिकाना हक जता सकते हैं। प्रॉपर्टी के हिसाब से एक कन्वर्जन फीस लगती है। शाहरुख और गौरी को जब इस पॉलिसी का पता चला, तो उन्होंने इसके मुताबिक मालिकाना हक के लिए कन्वर्जन करने का फैसला किया। उन्होंने कन्वर्जन फी जरूरत से ज्यादा पेमेंट कर दी। सरकार की ओर से कन्वर्जन फी की गिनती गलत हुई थी।

### शाहरुख खान ने भरे थे 27.50 करोड़ रुपए

सरकारी कर्मचारी ने जमीन की कीमत बजाय बंगले की कीमत के हिसाब से पेमेंट मांगी। शाहरुख और गौरी ने साल 2019 में 27.50 करोड़ रुपए का भुगतान किया। इसका पता उन्हें साल 2022 में पता चला। शाहरुख ने रुपए मुंबई सबअर्बन डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर को एक याचिका दी और एक्स्ट्रा पेमेंट की मांग की। एक्स्ट्रा पेमेंट के तौर पर शाहरुख-गौरी ने 9 करोड़ रुपए ज्यादा भरे हैं।

सैफ अली हमला मामला

# अन्य आरोपितों के शामिल होने की पुलिस को आशंका, जांच जारी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



फिल्म अभिनेता सैफ अली खान हमले मामले में अन्य आरोपितों के भी शामिल की आशंका मुंबई पुलिस ने शनिवार को व्यक्त किया है। मुंबई पुलिस इस मामले की जांच इस ऐंगल से भी कर रही है। सूत्रों के अनुसार पुलिस को शक है कि अकेले गिरफ्तार आरोपित मोहम्मद शरीफुल इस्लाम सैफ पर हमला नहीं कर सकता। हमला करते समय और भी उसके साथी मौके पर हो सकते हैं। इसलिए हमलावर से इस ऐंगल से भी पूछताछ की जा रही है। साथ ही आरोपित ने अब तक पुलिस यह नहीं बताया है कि जिस चाकू से सैफ पर हमला किया गया, वह चाकू कहां से खरीदा है। आरोपित पुलिस की जांच में सहयोग नहीं कर रहा है। इस मामले में पुख्ता सबूत जुटाने के लिए पुलिस ने सैफ अली खान के खून के नमूने , घटना के वक्त के कपड़े आज जब्त किए और इन सभी को हमलावर के सामान के साथ फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया गया है। उल्लेखनीय है कि 16 जनवरी को फिल्म अभिनेता सैफ अली खान के घर में चोरी के इरादे से घुसे हमलावर मोहम्मद शरीफुल इस्लाम ने सैफ पर चाकू से हमला कर दिया था और फरार हो गया था । इसके बाद पुलिस ने हमलावर को 19 जनवरी को ठाणे जिले में से गिरफ्तार किया था, जो 29 जनवरी तक पुलिस कस्टडी में है। पुलिस आरोपित से गहन छानबीन कर रही है ।

# राष्ट्रीय मतदान दिवस पर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

- चुनाव आयोग पर उठाए सवाल

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर, ठाणे जिला ग्रामीण कांग्रेस ने लोकतंत्र की रक्षा और निष्पक्ष चुनाव की मांग को लेकर चुनाव आयोग के खिलाफ मोर्चा खोला। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग अपने कर्तव्यों को सही ढंग से नहीं निभा रहा है, जिससे मतदान प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो रहे हैं।




### लोकतंत्र की रक्षा के लिए अभियान:

कांग्रेस ने लोकतंत्र और मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए अभियान शुरू किया है। इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए निष्पक्ष चुनाव की आवश्यकता पर जोर दिया।

### तहसीलदार को दिया ज्ञापन:

जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष दयानंद चोरघे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने भिवंडी तहसीलदार अभिजीत खोले को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पंकज गायकवाड समेत अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे। ज्ञापन में हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों के दौरान मतदान प्रक्रिया में गड़बड़ियों और अनियमितताओं की शिकायत की गई।

### मतदान प्रक्रिया पर उठे सवाल:

दयानंद चोरघे ने कहा कि हालिया विधानसभा चुनावों के बाद मतदाताओं के मन में संदेह पैदा हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में असफल रहा है, जिससे लोकतंत्र की नींव कमजोर हो रही है।

# सार्वजनिक अभद्रता के आरोप में ड्राइवर को 3 महीने की कैद और जुर्माना

डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई

34 वर्षीय ड्राइवर रमेश ढोंडीबा परते को सार्वजनिक रूप से एक महिला के साथ अभद्रता करने के आरोप में तीन महीने की साधारण कारावास और 3,000 रुपये का जुर्माना सुनाया गया है। यह फैसला न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (जेएमएफसी) बेलापुर, मजिस्ट्रेट मुदस्सर नदीम ने बुधवार को सुनाया। अगर आरोपी जुर्माना नहीं भरता है, तो उसे अतिरिक्त 15 दिन जेल में बिताने होंगे।



### अदालत का फैसला

अपराधी पक्ष ने सबूतों में विसंगतियों और मेडिकल जांच न होने का दावा किया, लेकिन वह अदालत को इस मामले में संतुष्ट करने में असफल रहा। मजिस्ट्रेट नदीम ने आरोपी की कृत्य को गंभीर बताते हुए कहा कि यह न केवल अभद्र था, बल्कि सार्वजनिक स्थान पर पीड़िता की गरिमा का उल्लंघन भी था।

### घटना का विवरण

यह मामला 26 नवंबर 2018 का है, जब आरोपी रमेश ढोंडीबा परते ने कोपरखैरने में बालमाता अस्पताल के पास एक महिला की शील का अश्लील इशारों से अपमान किया था। महिला, जो खरीदारी के बाद घर लौट रही थी, ने अपने घर के बाहर कार खड़ी की। इस दौरान आरोपी, जो फुटपाथ पर खड़ा था, ने अपनी पैंट उतारी और महिला की ओर अश्लील इशारे किए।

### महिला की मदद से आरोपी की गिरफ्तारी

महिला ने राहगीरों और अपने पति की मदद से आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। मुकदमे के दौरान अभियोजन पक्ष ने शिकायतकर्ता, उसके पति और बिल्डिंग के चौकीदार की गवाही पेश की, जिनके बयान ने आरोपी की कृत्य की पुष्टि की।

# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** — आज विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। दूर यात्रा की योजना बन सकती है। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**वृष** — पुराना रोग उभर सकता है। दुःखद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। प्रतिद्वंद्विता बढ़ेगी। पारिवारिक चिंता में वृद्धि होगी। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलेगी।

**मिथुन** — सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के स्रोतों में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बाधा संभव है। फालतू खर्च होगा। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। आज शत्रु नतमस्तक होंगे।

**कर्क** — आज धन लेन-देन में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार में तनाव रह सकता है। शुभ समाचार मिलेंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा।

**सिंह** — रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कोई बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**कन्या** — आज अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। किसी विवाद में उलझ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जोखिम न उठाएं। घर-बाहर असहयोग मिलेगा।

**तुला** — बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बेचैनी रहेगी।

**वृश्चिक** — नई आर्थिक नीति बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कारोबारी अनुबंधों में वृद्धि हो सकती है। समय का लाभ लें।

**धनु** — आज धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुख के साधनों पर व्यय हो सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। प्रमाद न करें। बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। काम का विरोध होगा। तनाव रहेगा। कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल होंगे।

**मकर** — स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद से क्लेश संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। अपेक्षित कार्यों में अप्रत्याशित बाधा आ सकती है। तनाव रहेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**कुंभ** — आज कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मातहतों से संबंध सुधरेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है। ससुराल पक्ष में कष्ट, भय तथा चिंता व बेचैनी का वातावरण अचानक बन सकता है।

**मीन** — आज रोजगार में वृद्धि होगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। अपरिचितों पर अधिक विश्वास न करें। प्रमाद न करें। किसी भी कार्य में जल्दबाजी न करें। कुबुद्धि हावी रहने से मन अशांत रहेगा। माता का स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

# जानें कर्ण-रोग, दन्त-रोग और नासिका-रोग के उपचार





प्रियंका जैन
9769994439

### कर्ण-रोग

(१) यदि मान्दि के साथ मंगल तृतीय स्थान में बैठा हो तो आतक कर्ण रोगी होता है।
(२) यदि तृतीय स्थान में कोई पाप ग्रह बैठा हो और उसपर किसी पापग्रह की दृष्टि भी पड़ती हो तो जातक कर्ण रोगी होता है।
(३) यदि तृतीयेश क्रूर षष्ठांश का हो तो भी कर्ण रोग होता है। (४) यदि पापग्रह तृतीय,पञ्चम, नवम और एकादश भावों में किसी प्रकार से पड़ते हो, तथा उनपर शुभग्रह की दृष्टि न हो तो ग्रहगण अपने बलानुसार श्रवण शक्ति में न्यूनता पैदा करते हैं (१) यदि द्वितीयेश और मंगल लग्नगत हों तो कर्ण-पीड़ा होती है।
(६) यदि शनि, मंगल और द्वितीयेश लग्नगत हो अथवा द्वितीयेश और षष्ठेश लग्नगत हो अथवा मंगल और गुलिक द्वादशस्थ हों तो जातक के कान में सर्वदा पीड़ा रहती है अथवा उसका काम कट जाता है।
(७) यदि चन्द्रमा पर शनि की दृष्टि पड़ती हो पर कब्ज पर सूर्य और शुक्र की दृष्टि न हो तो जातक का काम काटा जाता है।
(८) यदि षष्ठ का शुक्र हो और वह लग्न-गत हो तथा उस पर चन्द्रमा एवं पापग्रह की दृष्टि हो तो जातक दाहिने कान से बधिर होता है।
(९) यदि षष्ठेश और बुध चौथे स्थान में हों, उन पर शनि को चतुर्थ दृष्टि (तीन पाद दृष्टि) पड़ती हो अथवा षष्ठेश और बुध छठे स्थान में हों तथा उसपर शनि की दृष्टि पड़ती हो तो जातक बधिर होता है।
(१०) यदि छठे स्थान का स्वामी बुध, ६, ८ अथवा १२ स्थान में हो और शनि से दृष्टि हो तो जातक बधिर होता है।
(११) यदि षष्ठ स्थान का स्वामी बुध हो और बुध एवं षष्ठास्थान, शनि की सप्तम दृष्टि से दृष्ट हो तो जातक बधिर होता है।

### दन्त-रोग

(१) यदि चं. अथवा राहु द्वादश स्थान-गत हो अथवा
किसी त्रिकोण में हो और सूर्य सप्तम अथवा अष्टम स्थान में हो तो जातक को दन्त-रोग और नेत्र-रोग होते हैं। पुनः उसी प्रकार ऊपर के योग वाले ग्रह सब यदि नीच नवांश अथवा शत्रु नवांश में हो तो भी दन्त रोग होता है।
(२) यदि पापग्रह, सप्तम भाव-गत हो और उसपर शुभग्रह की दृष्टि न हो तो जातक के दांत देखने में कुरूप होते हैं।
(३) यदि द्वितीयेश, राहु के साथ षठ, अष्टम अथवा द्वादश भाव-गत हो और राहु जिस राशि में हो उस स्थान का स्वामी द्वितीयेश के साथ हो तो द्वितीयेश की महादशा में तथा राहु जिस स्थान में बैठा हो उस स्थान के स्वामी की दशा में जातक दन्त रोग से पीड़ित होता है। बुध की अन्तर-दशा में जातक की जिव्हा में भी कुछ रोग होता है।

### नासिका-रोग

(१) यदि द्वादश स्थान में कोई एक पाप ग्रह, वह स्थान में चन्द्रमा हो, षष्ठ भाव में शनि और लग्नेश, पापपह के नवमांश में हो तो जातक को पीनस-रोग होता है। अर्थात् उसको प्राण शक्ति नष्ट हो जाती है।
(२) यदि मंगल लग्न में हो और यह स्थान में शुक हो तो ऐसे जातक को नासिका किसी कारण से कट आती है।

न्यूज़ ब्रीफ

### लातेहार में पुल के नीचे गिरा बोलेरो, एक की मौत, पांच घायल

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के स्टेशन रोड में औरंगा नदी पुल के पास अनियंत्रित होकर एक बोलेरो पुल के नीचे गिर गई। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान सदर थाना क्षेत्र के पेशरार गांव निवासी योगेंद्र सिंह के रूप में की गई है। जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है।

### मोकामा गोलीकांड में सोनू-मोनू पर एक और FIR

**पटना।** बिहार के मोकामा गोलीकांड मामले में सोनू-मोनू पर एक और प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। गोलीबारी के मामले में घायल अनंत सिंह के एक समर्थक पंडारक के सहनौरा गांव निवासी उदय यादव ने पंचमहला थाने में यह एफआईआर दर्ज करायी है।

बताते चलें कि 22 जनवरी की शाम नौरंगा गांव में अनंत सिंह के समर्थक और सोनू मोनू गैंग के बीच गोलीबारी हुई थी। अनंत सिंह मुकेश सिंह के घर विवाद सुलझाने के लिए गए थे। इस गोलीबारी में अनंत सिंह के समर्थक उदय यादव घायल हो गया था।

### 26 साल के मेडिकल स्टूडेंट की हार्ट अटैक से मौत



**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर में श्री कृष्ण मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (एसकेएमसीएच) में मेडिकल स्टूडेंट की अचानक मौत हो गई है। मौत की वजह हार्ट अटैक बताया जा रहा है। मृतक के परिजनों को अस्पताल प्रबंधक के द्वारा जानकारी दे दी गई है। परिजन मुजफ्फरपुर के लिए निकल गए है।

उत्तर बिहार के प्रतिष्ठित सरकारी अस्पताल एसकेएमसीएच के द्वितीय वर्ष के स्टूडेंट की अचानक मौत से सभी हैरान हैं। मृतक छात्र की पहचान सहरसा जिले के 26 वर्षीय सुरेंद्र कुमार के रूप में हुई है। मामले की जानकारी मिलने के बाद मृतक के परिजन आज शनिवार की सुबह अस्पताल पहुंच गए हैं।

### नामी हॉस्टल में शराब पार्टी

**पटना।** गणतंत्र दिवस को लेकर पुलिस होटलों से लेकर सड़कों पर चेकिंग अभियान चला रही है। वहीं गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। छात्रों की शराब पार्टी चल रही थी। सूचना पर पहुंची पुलिस को देख छात्रों के बीच हड़कंप मच गया। शराब पार्टी कर रहे चार छात्रों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पूरा मामला पटना के पीरबहोर थाना क्षेत्र के बीएन कॉलेज हॉस्टल का है, जहां शुक्रवार की देर रात बीएन कॉलेज हॉस्टल में पुलिस ने छापेमारी की। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि हॉस्टल में शराब पार्टी चल रही है। पुलिस ने इन लोगों को शराब पीते पकड़ लिया। पुलिस को देख सभी भागने लगे पर पुलिस ने चार छात्रों को गिरफ्तार कर लिया।

# यूपी में कैशलेस चिकित्सा योजना से जुड़े अस्पतालों की खत्म होगी मनमानी

**योगी सरकार ने बनाई खास रणनीति**

एजेंसी | लखनऊ

यूपी सरकार ने प्रदेश भर में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) के तहत जुड़े निजी अस्पतालों की मनमानी पर रोक लगाने के लिए एक नई रणनीति बनाई है। अब किसी भी अस्पताल ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना में मरीज से रुपये मांगे या इलाज से इंकार किया तो तत्काल उसकी संबद्धता खत्म कर दी जाएगी।

### शासन तक पहुंची थीं शिकायतें

ऐसे मामलों की रोकथाम के लिए गोपनीय तरीके से जांच भी शुरू कराई गई है। इस संबंध में प्रदेशभर के निजी अस्पतालों को नोटिस भेजते हुए चेतावनी दी गई है। सभी जिलाधिकारियों एवं मुख्य चिकित्साधिकारियों को भी निगरानी करने के लिए कहा गया है। दरअसल, प्रदेश में पीएमजेएवाई के तहत पंजीकृत सरकारी एवं निजी अस्पतालों द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के लाभार्थियों को



उपचार नहीं देने की शिकायतें शासन तक पहुंची हैं। कहीं इलाज शुरू करने से पहले रुपये मांगे जा रहे हैं तो कहीं योजना में पंजीयन होने के बाद भी इलाज से इंकार किया जा रहा है। ऐसे में स्टेट एजेंसी फॉर कॉम्प्रिहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ। पूजा यादव ने सभी पंजीकृत अस्पतालों के प्रबंधकों एवं प्रबंध समिति को नोटिस भेजा है।

इसमें सख्त चेतावनी दी गई है कि योजना के लाभार्थियों को न सिर्फ उपचार दिया जाए बल्कि योजना के बारे में जागरूक भी किया जाए। किसी ने इलाज से इंकार किया अथवा पैसे लिए तो यह समझा जाएगा कि संबंधित अस्पताल योजना में कार्य करने का इच्छुक नहीं है।

### 13 निजी अस्पतालों के खिलाफ शिकायत

विभागीय सूत्रों की मानें तो विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने करीब 13 निजी अस्पतालों के खिलाफ शिकायत की है। ये अस्पताल एजेंसी के रडार पर हैं। इनकी दो स्तरीय जांच शुरू की गई है। एक तो शिकायत के आधार पर संबंधित शिकायतकर्ता और अस्पताल प्रबंधन का पक्ष लेकर रिपोर्ट तैयार की जा रही है। दूसरी तरफ शिकायतों की वास्तविकता का अध्ययन करने के लिए गोपनीय तरीके से भी जांच टीम उतारी गई है।

### यूपी में हैं सर्वाधिक अस्पताल

उत्तर प्रदेश में पीएमजेएवाई के तहत 2949 सरकारी और 2885 निजी अस्पताल पंजीकृत हैं। पंजीयन के मामले में देश में यूपी पहले स्थान पर है। नवंबर 2024 की रिपोर्ट के मुताबिक पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना में प्रदेश के 904785 कर्मचारी और 650259 पेंशनर पंजीकृत हैं।

### इन अस्पतालों पर हुई कार्रवाई

प्रदेश में योजना के तहत पंजीकृत किए गए अस्पतालों में रुपये मांगने, इलाज में आनाकानी करने सहित विभिन्न आरोपों में अब तक 410 अस्पतालों की संवद्धता खत्म की गई है। इसी तरह 97 अस्पतालों को निलंबित करने के साथ ही 68 अस्पतालों का भुगतान रोका गया है। इसके अलावा विभिन्न अस्पतालों पर 3 144 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया जा चुका है।

यूपी में चली तबादला एक्सप्रेस

## राज्य कर विभाग के 15 अधिकारियों का हुआ ट्रांसफर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शुक्रवार देर रात राज्य कर विभाग में 15 अधिकारियों के ट्रांसफर कर दिए गए। सोनभद्र के अपर आयुक्त ग्रेड वन लक्ष्मीकांत त्रिपाठी को अपर आयुक्त ग्रेड वन प्रयागराज के पद पर भेजा गया है। मुजफ्फरनगर में तैनात उपयुक्त बृजेश कुमार को प्रोन्नत करते हुए संयुक्त आयुक्त एस आई बी वाराणसी प्रथम के पद पर तैनात किया गया है। आगरा में उपायुक्त टैक्स ऑडिट रमेश कुमार सिंह को प्रोन्नत कर संयुक्त आयुक्त कानपुर के पद पर भेजा गया है।




### अपर आयुक्त ग्रेड 2 की स्थिति

मिर्जापुर में तैनात अपर आयुक्त ग्रेट 2 शरद कुमार शुक्ला को अपर आयुक्त ग्रेड टू अपील के पद पर सोनभद्र का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। आगरा में तैनात उपायुक्त टैक्स ऑडिट रमेश कुमार सिंह को प्रोन्नत करते हुए संयुक्त आयुक्त कार्यपालक कानपुर द्वितीय के पद पर भेजा गया है। अयोध्या के अपर आयुक्त ग्रेट 2 अपील 1 जयशंकर सहाय को अपील टू का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। अपर आयुक्त ग्रेट 2 धर्मवीर सिंह को अपर आयुक्त अपील 3 गाजियाबाद के पद पर जिम्मेदारी दी गई है। अंजनी कुमार अग्रवाल को लखनऊ से गाजियाबाद अपर आयुक्त एसआईबी का चार्ज दिया गया है। लखनऊ में तैनात अपर आयुक्त ग्रेट 2 कैलाश नाथ पाल को कानपुर भेजा गया है। मोनू त्रिपाठी को ग्रेट 2 प्रयागराज से गाजियाबाद स्थानांतरित किया गया है। इसी तरह दीनानाथ का ट्रांसफर अपर आयुक्त ग्रेट 2 अयोध्या से प्रयागराज किया गया है। मुजफ्फरनगर में तैनात अपर आयुक्त ग्रेट 2 बृजेश कुमार को वाराणसी भेजा गया है।

## एटीएस की रेड में भारी मात्रा में मिली नोटों की गड्डी

**गिनने के लिए मंगानी पड़ी बड़ी मशीन**

**रांची।** झारखंड सरकार के ऊर्जा विकास निगम से 109 करोड़ रुपए अवैध निकासी मामले में झारखंड एटीएस की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। मामले में एक आरोपी के घर छापेमारी कर एटीएस की टीम ने 60 लाख रुपये नगद बरामद किए हैं। झारखंड एटीएस के एसपी ऋषभ झा ने बताया कि छापेमारी में भारी मात्रा में नगद पैसे मिले हैं।

### छापेमारी में 60 लाख बरामद



झारखंड सरकार के महत्वपूर्ण उपक्रम पर्यटन विकास निगम लिमिटेड, झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड और झारखंड ऊर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड के खाते से लगभग 109 करोड़ रुपये गायब करने के मामले में जांच जारी है। इस दौरान एटीएस ने रांची के डोरंडा इलाके में रहने वाले राम लखन यादव के यहां छापेमारी कर 60 लाख रुपये नगद बरामद किए हैं। झारखंड एटीएस के एसपी ऋषभ झा ने बताया कि छापेमारी के दौरान अब तक 60 लाख रुपए नगद बरामद किए गए हैं। दो लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है।

### कौन-कौन हुए गिरफ्तार, अब तक क्या हुआ बरामद

मामले में अब तक छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें जेटीडीसी के तत्कालीन लेखपाल गिरिजा सिंह, केनरा बैंक हटिया के तत्कालीन शाखा प्रबंधक अमरजीत कुमार, साजिशकर्ता रूद्र उर्फ समीर, रांची के रहने वाले लोकेश्वर शाह, रांची के बिरसा चौक स्थित सेंट्रल बैंक के शाखा प्रबंधक लोलस लकड़ा और इलाहाबाद बैंक के अमर कुमार शामिल हैं। मामले में पुख्ता सबूत के बाद करीब 350 खातों में पड़े 47 करोड़ 20 लाख रुपए को फ्रीज करवाया गया है। इस केस में एक करोड़ 93 लाख रुपए नकदी और 17 लाख रुपए के जेवर अब तक बरामद किए गए।

लोन फर्जीवाड़ा

## अब तक पुलिस के हाथ खाली!

**पूर्व विधायक ने कहा- कंपनी पर हो मामला दर्ज, SIT करे जांच**



**गिरिडीह।** महिलाओं के नाम पर फर्जी तरीके से लोन निकालने के बाद रफूचक्कर हुए व्यक्ति को पुलिस अभी तक ढूंढ नहीं सकी है। एफआईआर दर्ज होने के बाद से पुलिस लगातार जांच करने की बात कह रही है। दूसरी तरफ इस मामले को लेकर भाकपा माले का तेवर सख्त होता जा रहा है। भाकपा माले इस मामले को लेकर आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर रहा है। धनवार के पूर्व विधायक सह भाकपा माले नेता राजकुमार यादव ने इस मामले को काफी गंभीर बताया है।

### क्या है पूरा मामला ?

बता दें कि गावां के जमडार की लगभग 120 महिलाओं और युवती के नाम पर फर्जी तरीके से लोन निकालने के मामला सामने आया है। यहां की महिलाओं का आरोप है कि गांव का रवि ने अपने साथी के साथ मिलकर महिलाओं के नाम पर फर्जी लोन निकाला। जब महिलाओं के यहां फाइनेंस कंपनी के एजेंट आने लगे और पैसा की मांग करने लगे तो इसका खुलासा हुआ।

## गढ़वा के तीन रेलवे स्टेशन से करोड़ों का घोटाला

एजेंसी | गढ़वा

जिला में रेलवे के टिकट बिक्री में हुए फर्जीवाड़े को लेकर दो और मामले दर्ज किये गये हैं। दो दिन पहले नगर उंटारी रेलवे स्टेशन में दो करोड़ 16 लाख का घोटाला हुआ था। अब इस फर्जीवाड़ा का दायरा बढ़ गया है, रमना रेलवे स्टेशन में एक लाख और गढ़वा टाउन रेलवे स्टेशन में 46 लाख का घोटाला हुआ है। जिसको लेकर अब तीन मामले दर्ज हुए हैं।




### निजी बैंक खाते में रेल टिकट का पैसा!

रेलवे टिकट की कुछ ही राशि को बैंक में जमा किया जाता था, बाकी राशि निजी हित में रखा जाता था। यह वह राशि है जो रेलवे स्टेशन पर जब टिकट बिकता है तो उस जमा राशि को बैंक तक पहुंचाने के लिए रेलवे के द्वारा निजी कर्मी के सहारे उस पैसे को बैंक तक पहुंचाया जाता है। लेकिन निजी कर्मी उस राशि को बैंक में न जमा कर वह अपने निजी हित में उस पैसे रख लिया गया और शेष रुपए को बैंक मे जमा करा दिया।

### रेलवे वाणिज्य विभाग ने तीन थानों में मामला दर्ज कराया

इसकी जानकारी रेलवे के वाणिज्य विभाग को तब लगी जब इस इलाके से राजस्व आना कम हो गया। रेलवे के वाणिज्य विभाग को जानकारी मिलते ही गढ़वा जिला के तीन थाना, गढ़वा सदर थाना, रमना थाना और नगर उंटारी थाना में मामले दर्ज कराया गया है।

### पुलिस कर रही है छानबीन


इस संबंध मे गढ़वा एसपी दीपक पांडेय ने कहा कि रेलवे के द्वारा टिकट की राशि में हुए घोटाले में हमारे यहां तीन थानों में अलग-अलग मामला दर्ज किया गया है, पुलिस तीनों मामले में छानबीन कर रही है। गढ़वा जिला के तीन रेलवे स्टेशनों से टिकट के पैसों की हेराफेरी हुई है, जिसको लेकर रेलवे विभाग ने तीन थानों में मामला दर्ज कराया है। तीनों जगह से कुल 2 15 करोड़ का घपला हुआ है, जिसकी जांच में पुलिस जुट गई है।

## व्यापार जगत

## यस बैंक का मुनाफा तीसरी तिमाही में तीन गुना बढ़कर 612 करोड़ रुपए

एजेंसी | नई दिल्ली

निजी क्षेत्र के यस बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए करीब तीन गुना मुनाफा दर्ज किया है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ बढ़कर 612 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 231 करोड़ रुपये था। यह उछाल मुख्य रूप से फंसे कर्ज के लिए प्रावधानों में कमी की वजह से हुआ है।




### शुद्ध ब्याज आय और परिचालन लाभ में सुधार

बैंक की शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) 10% बढ़कर 2,224 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले साल की समान अवधि में 2,017 करोड़ रुपये थी। वहीं, बैंक का परिचालन लाभ 1,079 करोड़ रुपये दर्ज किया गया, जो पिछले साल 864 करोड़ रुपये था।

### आमदनी और ब्याज आय में बढ़ोतरी

यस बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि तीसरी तिमाही में उसकी कुल आमदनी बढ़कर 9,341 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले साल की समान अवधि में 8,179 करोड़ रुपये थी। इस दौरान बैंक की ब्याज आय 7,829 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वित्त वर्ष में 6,984 करोड़ रुपये थी।

### एनपीए और प्रावधानों में कमी

यस बैंक का सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) अनुपात घटकर 1.6% हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष में 2% था। शुद्ध एनपीए भी 0.9% से घटकर 0.5% रह गया। इस दौरान, बैंक के कुल प्रावधान घटकर 259 करोड़ रुपये हो गए, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 555 करोड़ रुपये थे।

### पूंजी पर्याप्तता अनुपात में हल्की गिरावट

बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) 15.2% पर रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 16% था। यस बैंक के बेहतर प्रदर्शन ने न केवल मुनाफे में उछाल दिया है, बल्कि इसकी संपत्ति की गुणवत्ता और परिचालन क्षमता में भी सुधार दर्शाया है।

## स्पाइसजेट एक फरवरी से चेन्नई से प्रयागराज के लिए भरेगी सीधी उड़ान




**चेन्नई/नई दिल्ली।** बजट एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट एक फरवरी से चेन्नई से प्रयागराज के लिए सीधी उड़ान भरेगी। साथ ही महाकुंभ के लिए 27 फरवरी तक रोजाना अपनी उड़ान सेवा संचालित करेगी। कंपनी ने शनिवार को एक बयान में कहा कि स्पाइसजेट एयरलाइन प्रयागराज-चेन्नई और प्रयागराज-हैदराबाद के बीच सीधी उड़ान संपर्क शुरू करेगी। महाकुंभ में भाग लेने के इच्छुक यात्रियों की सेवा करने के लिए यह फैसला लिया है। चेन्नई और हैदराबाद से प्रयागराज के लिए विशेष उड़ानें एक से 27 फरवरी तक संचालित की जाएंगी। प्रयागराज के लिए गुवाहाटी से ऐसी ही सेवाएं 11 से 28 फरवरी तक चलाई जाएंगी। स्पाइसजेट के मुख्य व्यवसाय अधिकारी देबोजो महर्षि ने कहा कि कंपनी महाकुंभ के लिए प्रयागराज जाने वाले यात्रियों को निर्बाध उड़ान मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। एयरलाइन दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, जयपुर और बेंगलुरु से और ज्यादा उड़ानें जोड़कर प्रयागराज के लिए अपनी दैनिक सेवाओं को बढ़ाएगी।

## अमिताभ बच्चन बने 'इंडिया गेट' बासमती चावल के ब्रांड एंबेसडर

**नई दिल्ली।** बासमती चावल के मशहूर ब्रांड 'इंडिया गेट' ने बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। इंडिया गेट बासमती चावल की मूल कंपनी केआरबीएल लिमिटेड ने शनिवार को इस साझेदारी की घोषणा की। अमिताभ बच्चन ने कहा, ₹इंडिया गेट बासमती चावल सिर्फ एक ब्रांड नहीं, बल्कि एक विरासत है, जो पीढ़ियों से भारतीय घरों का हिस्सा है।



### कंपनी की प्रतिक्रिया

केआरबीएल लिमिटेड के भारत में व्यवसाय प्रमुख आयुष गुप्ता ने कहा, ₹अमिताभ बच्चन का हमारे ब्रांड के साथ जुड़ना हमारे लिए गर्व की बात है। उनकी ईमानदारी, विश्वसनीयता और करिश्मा हमारे मूल्यों और ब्रांड की समृद्ध विरासत के साथ मेल खाता है। उनकी उपस्थिति से हम अपने उपभोक्ताओं के साथ जुड़ाव को और मजबूत करेंगे।

### कंपनी की जानकारी

केआरबीएल लिमिटेड दुनिया की सबसे बड़ी चावल मिलिंग कंपनी है और अपने 'इंडिया गेट' बासमती चावल के लिए मशहूर है। यह ब्रांड भारत में सबसे ज्यादा बिकने वाला बासमती चावल है। अमिताभ बच्चन का जुड़ाव 'इंडिया गेट' ब्रांड के लिए एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

## ICICI बैंक का अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में मुनाफा 15% बढ़ा

**नेट इंटरेस्ट इनकम 9% बढ़ी, टोटल इनकम 13% बढ़कर 48,368 करोड़ रही**

**मुंबई।** ICICI बैंक का अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट यानी शुद्ध-मुनाफा सालाना आधार पर 15% बढ़कर 11,792 करोड़ रहा। पिछले साल की समान तिमाही में ये 10,272 करोड़ रहा था। हालांकि, तिमाही आधार पर बैंक का नेट प्रॉफिट 0.39% बढ़ा है। पिछली तिमाही (Q2FY25) में बैंक का मुनाफा 11,746 करोड़ रुपए रहा था। ICICI बैंक ने शनिवार (25 जनवरी) को Q3FY25 यानी फाइनेंशियल ईयर 2024-25 की तीसरी तिमाही के नतीजे जारी किए हैं।




### बैंक की टोटल इनकम 13% बढ़ी

वहीं अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में बैंक की टोटल इनकम सालाना आधार पर 13.03% बढ़कर 48,368 करोड़ रुपए रही, जो पिछले साल की समान तिमाही में 42,792 करोड़ रुपए रही थी। वहीं तिमाही आधार पर बैंक की इनकम 1.37% बढ़ी है। दूसरी तिमाही में यह 47,714 करोड़ रुपए रही थी। अक्टूबर-दिसंबर में ICICI बैंक की नेट इंटरेस्ट इनकम (NII) यानी शुद्ध ब्याज आय सालाना (YoY) आधार पर 9.1% बढ़कर 20,370 करोड़ रुपए रही। पिछले साल की समान तिमाही में ये 18,678 करोड़ रुपए रही थी। वहीं अक्टूबर-दिसंबर में ICICI बैंक की टोटल इंटरेस्ट इनकम सालाना (YoY) आधार पर 12.54% बढ़कर 41,300 करोड़ रुपए रही, पिछले साल ये 36,695 करोड़ रुपए रही थी।

## इस हफ्ते सोना-चांदी में रही तेजी



**सोना 1109 बढ़कर 80348 पर पहुंचा**

**चांदी 391 महंगी होकर 91211 प्रति किलो बिक रही**

**नई दिल्ली।** इस हफ्ते सोने-चांदी के दाम में तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, पिछले शनिवार यानी 18 जनवरी को 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का दाम 79,239 रुपए था, जो अब यानी 25 जनवरी को 80,348 रुपए पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसके दाम 1,109 रुपए बढ़े हैं। वहीं इस हफ्ते चांदी 391 रुपए महंगी होकर 91,211 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है। पिछले शनिवार को ये 90,820 रुपए प्रति किलो पर थी। सोने ने पिछले साल 30 अक्टूबर को 79,681 प्रति 10 ग्राम का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं, चांदी 23 अक्टूबर 2024 को 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।

# रोहित आईसीसी की ऑल स्टार एकादश के कप्तान

- ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड का एक-एक खिलाड़ी

**एजेंसी । दुबई**

भारतीय टीम को दूसरा आईसीसी टी-20 विश्व कप खिताब दिलाने वाले रोहित शर्मा को 'आईसीसी पुरुष टी-20 अंतरराष्ट्रीय टीम ऑफ द ईयर 2024' का कप्तान चुना गया है। शनिवार को घोषित ऑल स्टार एकादश में भारत का दबदबा रहा। इसमें तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह के साथ हार्दिक पांड्या भी शामिल हैं। बुमराह आईसीसी की टेस्ट टीम में भी हैं। अन्य देशों का सिर्फ एक खिलाड़ी ही टीम में है।



## आईसीसी की टी-20 टीम में बुमराह, हार्दिक और अर्शदीप को भी जगह

### रोहित के लिए यादगार रहा पिछला साल

टी-20 अंतरराष्ट्रीय में कप्तान और बल्लेबाज दोनों के तौर पर रोहित के लिए पिछला साल यादगार रहा। इस अनुभवी सलामी बल्लेबाज ने 11 मैचों में 42.00 के शानदार औसत और 160 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 378 रन बनाए। रोहित ने तीन अर्धशतक जड़कर भारत के जून में टी-20 विश्व कप अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### हार्दिक ने 16 रन का किया था बचाव

हार्दिक ने विश्व के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडरों में से एक के रूप में अपना कद मजबूत किया। उन्होंने भारत के सफल अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने 17 मैच में 352 रन बनाने के साथ 16 विकेट झटके। इससे आईसीसी की टी-20 आलराउंडरों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर रहे। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व कप फाइनल में आखिरी ओवर में 16 रन बचाए जिससे भारत की खिताबी जीत सुनिश्चित हुई। उन्होंने 20 रन देकर तीन विकेट झटके थे।

### बुमराह की शानदार वापसी

बुमराह ने टी-20 में शानदार वापसी करते हुए अपनी सटीक और निरंतर गेंदबाजी से भारतीय आक्रमण की अगुआई की। उन्होंने आठ मैच में 8.26 के शानदार औसत से 15 विकेट लिए। उनकी खतरनाक यॉर्कर और अंतिम ओवरों में गेंदबाजी ने भारत की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इससे उन्हें आईसीसी के क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी के लिए नामांकित किया है।

### टी-20 टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक, बुमराह, अर्शदीप (भारतीय); ट्रेविस हेड (ऑस्ट्रेलिया), फिल सॉल्ट (इंग्लैंड), बाबर आजम (पाकिस्तान), निकोलस पूरन (वेस्टइंडीज), सिकंदर रजा (जिम्बाब्वे), राशिद खान (अफगानिस्तान) व वानिंदु हसारंगा (श्रीलंका)।

### अर्शदीप ने झटके 36 विकेट

बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह 2024 में भारत के सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। उन्होंने 18 मैचों में 13.50 की औसत से 36 विकेट झटके। उनकी गेंद को जल्दी स्विंग करने और अंतिम ओवरों में सटीक यॉर्कर डालने की काबिलियत ने उन्हें टीम के लिए अहम बना दिया।



## मंधाना, रिचा और दीप्ति महिला टी-20 टीम में

**एजेंसी । नई दिल्ली**

दिग्गज सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना, विकेटकीपर रिचा घोष और हरफनमौला दीप्ति शर्मा को शनिवार को आईसीसी की महिला टी-20 की साल 2024 की सर्वश्रेष्ठ टीम में शामिल किया गया है। टीम में दक्षिण अफ्रीकी और श्रीलंका के दो-दो जबकि इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड और पाकिस्तान से एक-एक खिलाड़ी हैं। मंधाना और दीप्ति को महिला वनडे टीम में भी शामिल हैं।

**महिला टी-20 टीम:** लौरा वोलवार्ट (कप्तान), मारिजैन कप्प, स्मृति मंधाना, रिचा घोष, दीप्ति शर्मा, सी अट्टापट्टू, हेली मैथ्यूज, नेट सिवर-ब्रंट, अमेलिया केर, ओर्ला प्रेंडरगास्ट और सादिया इकबाल।

रणजी ट्रॉफी

# सितारों से सजी मुंबई को जम्मू-कश्मीर ने 11 साल बाद धोया

- पांच विकेट की जीत के साथ जम्मू-कश्मीर ने नॉकआउट में जगह लगभग पक्की की
- 42 बार के चैंपियन के लिए आगे की राह मुश्किल हुई



**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर, अजिंक्य रहाणे और शिवम दुबे जैसे सितारों से सजी 42 बार की चैंपियन मुंबई की टीम को जम्मू-कश्मीर ने तीसरे ही दिन चित कर दिया। इस जीत के साथ जम्मू-कश्मीर ने शनिवार को रणजी ट्रॉफी के नॉकआउट में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है। जम्मू-कश्मीर ने 11 साल बाद मुंबई को हराया। इससे पहले 2014 में वानखेड़े स्टेडियम में शिकस्त दी थी। जम्मू-कश्मीर के लिए रणजी में सबसे बड़ी जीत में से एक है। जम्मू-कश्मीर के छह मैचों में 29 अंक हैं। वह ग्रुप ए में शीर्ष पर है। उसका अगला मैच बड़ौदा (पांच मैचों में 27 अंक) के खिलाफ है जो महाराष्ट्र से खेल रहा है। अगर बड़ौदा को अपने आखिरी मैच में जम्मू-कश्मीर के खिलाफ पहली पारी में बढ़त मिल जाती है तो मुंबई (22) के लिए चीजें मुश्किल हो जाएंगी। मुंबई का अगला मैच मेघालय के खिलाफ है।

### 49 ओवर में लक्ष्य हासिल किया

जम्मू-कश्मीर को जीत के लिए 205 रन का लक्ष्य मिला जो उसने 49 ओवर में पांच विकेट पर 207 रन बनाकर हासिल कर लिया। सलामी बल्लेबाज शुभम खजूरिया (45) ने पहले विकेट के लिए यावर हसन (24) के साथ 37 और दूसरे विकेट के लिए विवरांत शर्मा (38) के साथ 75 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। आईपीएल स्टार अब्दुल समद ने 24, आबिद मुश्ताक ने नाबाद 32 और कन्हैया ने नाबाद 19 रन का योगदान दिया। शम्स मुलानी ने चार विकेट झटके।

### नंबर गेम

- 19 विकेट मुंबई के 20 में से जम्मू के तेज गेंदबाजों युद्धवीर सिंह (7), उमर नजीर मीर (6) और ऑकिब नबी (6) ने झटके
- 31 रन बनाए रोहित ने 54 गेंदें खेलकर। उन्होंने एक दशक बाद रणजी मैच खेला और लाल गेंद के क्रिकेट में जूझते दिखे

### शार्दुल के शतक से बनाए 290 रन

मुंबई ने दूसरी पारी में शार्दुल ठाकुर (119) के शतक और तनुष कोटियान (62) के साथ आठवें विकेट के लिए 184 रन की साझेदारी 290 रन बनाए। पहली पारी में मुंबई 120 पर सिमट गई थी जिसके जवाब में जम्मू-कश्मीर ने 206 रन बनाए थे। रोहित, यशस्वी, श्रेयस, रहाणे और दुबे दोनों की पारियों में नाम रहे। इसका खामियाजा मुंबई को हार के साथ भुगतना पड़ा।

### गिल के शतक के बावजूद हारा पंजाब

बेंगलुरु। शुभमान गिल (102) के शतक के बावजूद पंजाब को शनिवार को कर्नाटक से पारी और 207 रन से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। गिल ने अपने दूसरे दिन के सात रन के स्कोर में 95 रन जोड़े। वह आउट होने वाले आठवें बल्लेबाज रहे। दिन की शुरुआत दो विकेट पर 24 रन करने वाले पंजाब की दूसरी पारी 63.4 आवर में 213 रन पर सिमट गई। गिल के अलावा मयंक मारकंडे ने 27 और सुखदीप ने 26 रन बनाए। कर्नाटक के लिए यशोवर्धन परंतप और श्रेयस गोपाल ने तीन-तीन विकेट झटके।

## चोटिल नितिश की जगह ले सकते हैं दुबे

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

मुंबई के हरफनमौला खिलाड़ी शिवम दुबे को इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी तीन टी-20 मैचों के लिए भारतीय टीम में वापस बुलाया जा सकता है। उभरते सितारे नितिश कुमार रेड्डी चोट के कारण सीरीज से बाहर हो सकते हैं। दुबे की 28 जनवरी को राजकोट में तीसरे टी-20 मैच से पहले टीम से जुड़ने की उम्मीद है। दुबे ने अपना पिछला टी-20 मैच पिछले साल जुलाई में श्रीलंका के खिलाफ था। वह पीठ की चोट के कारण टीम से बाहर हो गए थे। उन्होंने रिहैबिलिटेशन पूरी करने के बाद हाल ही में घरेलू क्रिकेट में वापसी की है। वह चोट से वापसी के बाद अपने पहले रणजी मैच में प्रभावित करने में नाकाम रहे। वह जम्मू-कश्मीर के खिलाफ दोनों पारियों में खाता खोलने में नाकाम रहे।

## मेडिसन मेलबर्न की नई मलिका

- कीज ने सबालेंका का हैट्रिक लगाने का सपना चकनाचूर किया
- अपने करियर का पहला ग्रैंड स्लैम जीता



**एजेंसी । मेलबर्न**

मेडिसन कीज ने आखिरकार 46वें प्रयास में अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीत लिया। अमेरिका की 29 साल की खिलाड़ी मेडिसन शनिवार को मेलबर्न पार्क में ऑस्ट्रेलियन ओपन की नई मलिका बन गईं। दुनिया की 14वें नंबर की खिलाड़ी मेडिसन ने फाइनल में दो बार की चैंपियन और नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को 6-3, 2-6, 7-5 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। इसके साथ ही मेडिसन ने सबालेंका को मेलबर्न में लगातार 20 और इस सत्र में 11 मैचों से चला आ रहा विजय रथ भी थाम दिया। साथ ही बेलारूस की खिलाड़ी सबालेंका का पिछले 26 साल में यहां हैट्रिक लगाने का सपना भी चकनाचूर कर दिया। मार्टिन हिंगिस (1997-99) ने आखिर बार यह उपलब्धि हासिल की थी। मेडिसन पहली बार 2015 में ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचकर सुर्खियां में आईं थी। इसके बाद 2017 में यूएस ओपन के फाइनल में पहुंचीं पर हार गईं। उन्हें पहला ग्रैंड स्लैम जीतने के लिए काफी लंबा इंतजार करना पड़ा। वह पिछले पांच साल में यह ट्रॉफी जीतने वाली पहली अमेरिकी महिला खिलाड़ी हैं। उनसे पहले 2020 में सोफिया केनिन ने स्पेन की गर्बाइने मुगुरूजा को तीन सेट में ही मात देकर यह खिताब जीता था।

### आमने-सामने

| | | |
|---|---|---|
| कुल मैच खेले | : | 611 |
| जीते | : | 391 |
| हारे | : | 220 |
| खिताब जीते | : | 10 |

### नंबर गेम

- 19 करोड़ रुपये की इनामी राशि मिली कीज को ट्रॉफी के साथ
- 12 लगातार मैच अमेरिकी खिलाड़ी ने इस सत्र में जीते हैं

### 16 साल में पहली

मेडिसन पिछले 16 साल में नंबर एक और नंबर दो खिलाड़ी को हराकर ग्रैंड स्लैम जीतने वाली पहली खिलाड़ी हैं। उन्होंने सबालेंका से पहले सेमीफाइनल में नंबर दो इगा स्वियातेक को हराया था। इससे पहले 2009 में फ्रेंच ओपन में स्वेतलाना कुज्नेतसोवा ने सेरेना और दिनारा साफिना को हराकर खिताब जीता था। मेडिसन सबसे ज्यादा बार ग्रैंड स्लैम में भाग लेने के बाद अपना पहला खिताब जीतने वाली तीसरी खिलाड़ी है। इटली की फ्लाविया पेनेटा 49वें प्रयास और फ्रांस की मैरियन बार्टोली ने 47वें प्रयास में पहला मेजर खिताब जीता था। इस जीत से मेडिसन सोमवार को जारी होने वाली ताजा रैंकिंग में करियर की सर्वश्रेष्ठ सातवीं रैंकिंग में पहुंच जाएंगी।

### टीवी पर विम्बलडन देख थामा था रैकेट

फ्लोरिडा की 29 वर्षीय कीज ने मात्र चार साल की उम्र में हाथ में रैकेट थाम लिया था। टीवी पर विम्बलडन का मैच देखते हुए उन्हें इस खेल से प्यार हो गया। उन्होंने अपने पिता से वीनस विलियम्स जैसी सफेद ड्रेस मांगी। पिता ने कहा कि अगर वह टेनिस खेलना शुरू करेगी तो ही उसे ड्रेस मिलेगी। उसके बाद कीज ने खेलना शुरू कर दिया। उनके पिता रिक और मां क्रिस्टीन वकील हैं। उनके पिता कॉलेज में बास्केटबॉल के खिलाड़ी रहे हैं। कीज की तीन बहनें हैं। उन्होंने नौ साल की उम्र में टूर्नामेंट में खेलना शुरू कर दिया था।

## ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम पहुंची श्रीलंका

**एजेंसी । श्रीलंका**



ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम 2 टेस्ट मैचों की वॉर्न-मुरली सीरीज के लिए श्रीलंका पहुंच गई है। ऑस्ट्रेलिया टीम बीती रात श्रीलंका पहुंची। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के तहत दो मैचों के इस टूर्नामेंट के सभी मैच गॉल इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होंगे। पहला टेस्ट मैच 29 जनवरी से शुरू होगा। इसके बाद दूसरा टेस्ट 6 फरवरी से खेला जाना है।डेली न्यूज के अनुसार, ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम को श्रीलंकाई टीम के खिलाफ दो एकदिवसीय मैच भी खेलने हैं। यह मैच 12 फरवरी और 14 फरवरी को कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में होंगे।इस बीच श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए अपनी 18 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है। टीम में दो नए चेहरों को शामिल किया गया है। बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज और ऑलराउंडर सोनेल दिनुषा और अनुभवी घरेलू बल्लेबाज लाहिरु उदारा को पहली बार राष्ट्रीय टीम में जगह मिली है।

टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट

## गुकेश ने अब्दुसात्तोरोव और प्रज्ञाननंदा ने वेई को बराबरी पर रोका



**एजेंसी । विज्क आन जी**

विश्व चैंपियन डी गुकेश ने टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट की छठी बाजी में शुक्रवार को संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव को बराबरी पर रोक दिया। आर प्रज्ञाननंदा ने गत चैंपियन चीन के वेई यी के साथ अंक साझा किए। अब्दुसात्तोरोव और प्रज्ञाननंदा संभावित छह में से 4.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। गुकेश चार अंकों के साथ दूसरे नंबर पर हैं।

### अभी सात बाजियां खेली जानी बाकी

साल के पहले बड़े टूर्नामेंट में अभी सात बाजियां खेलनी जानी हैं। गुकेश ने अब्दुसात्तोरोव के खिलाफ चुनौतीपूर्ण मुकाबले में पकड़ ढीली पड़ने के बाद अच्छी वापसी की और 64 चालों के बाद इसे ड्रॉ करने पर सहमत हो गए। आखिरी कुछ चाल में गुकेश को अपना एक मोहरा गंवाने के लिए मजबूर होना पड़ा। उनके लिए स्थिति तब और जटिल हो गई जब अब्दुसत्तोरोव ने तीन प्यादों के लिए अपने घोड़े की बलि दे दी। गुकेश इसके बाद काफी दबाव में आ गए। मुश्किल परिस्थिति होने के बावजूद गुकेश ने एक बार फिर अपने शानदार रक्षात्मक खेल से मुकाबला ड्रॉ कराया। प्रज्ञाननंदा ने सफेद मोहरों से वेई यी के खिलाफ बढ़त बनाने की कोशिश की लेकिन चीन के खिलाड़ी ने 58 चाल के बाद उन्हें मुकाबला ड्रॉ करने पर मजबूर कर दिया।

# 'सिंडिकेट' से जुड़े अमिताभ बच्चन

पिछले कुछ दिनों से राम गोपाल वर्मा चर्चा में हैं। कुछ ही दिन पहले उन्होंने फिल्म 'सिंडिकेट' का ऐलान किया था। अब इस फिल्म से जुड़े कलाकारों के नाम सामने आए हैं। खबर है कि इसमें अमिताभ बच्चन और साउथ के स्टार फहद फासिल की एंट्री हो गई है। फिल्म में भारतीय सिनेमा से जुड़े कई नामचीन सितारे अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे।

### फिल्म के बारे में क्या बोले थे निर्देशक?

पिछले दिनों इस फिल्म पर बात कर वर्मा ने बताया था, "सिंडिकेट एक भविष्य की कहानी है। उदाहरण के लिए पूरी दुनिया 11 सितंबर 2001 को अल-कायदा के बारे में जानती थी, लेकिन 10 सितंबर को उसके अस्तित्व के बारे में नहीं पता था। 'सिंडिकेट' मेरी अब तक की सबसेडरावनी फिल्म होगी। ये उजागर करेगी कि इंसान क्या-क्या कर सकता है और वो कितना भयानक जानवर हो सकता है। यह वर्मा की अब तक की सबसे बड़ी फिल्म होगी।'

### फिल्म में एक खास भूमिका निभाने वाले हैं अमिताभ

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'सिंडिकेट' के लिए अमिताभ से संपर्क किया गया है। फिल्म में वह बेहद खास भूमिका में निभा रहे हैं। अमिताभ ने भी फिल्म का हिस्सा बनने के लिए हामी भर दी है। उनके साथ-साथ मशहूर मलयालम अभिनेता और 'पुष्पा 2' के स्टार फहद फासिल से भी फिल्म में दिलचस्प भूमिका के लिए संपर्क किया है।

### वर्मा के साथ काम कर चुके हैं अमिताभ

अमिताभ के साथ वर्मा पहले भी काम कर चुके हैं। दोनों फिल्म 'सरकार' के लिए साथ आए थे। इस फिल्म में अमिताभ ने मुख्य भूमिका निभाई थी, वहीं केके मेनन, अभिषेक बच्चन, सुप्रिया पाठक और कैटरीना कैफ भी इस फिल्म का हिस्सा थी। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी। इसके बाद वर्मा इसका सीक्वल 'सरकार राज' लेकर आए और इसमें अमिताभ ने अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया, वहीं फिल्म ने बढ़िया कमाई की।



# श्रद्धा कपूर के साथ बनी राम चरण की जोड़ी

राम चरण ने इस साल जनवरी में 'गेम चेंजर' से बड़े पर्दे पर वापसी की थी। उनकी यह फिल्म बड़ी उम्मीदों के साथ सिनेमाघरों में आई थी, लेकिन दर्शकों ने इसे साफ नकार दिया। बॉक्स ऑफिस पर इसका इतना बुरा हश्र हुआ कि फिल्म अपनी लागत तक नहीं निकाल पाई। बहरहाल, राम अब 'पुष्पा' और 'पुष्पा 2' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों का निर्देशन कर चुके सुकुमार की अगली फिल्म में दिखाई देंगे। खबर है कि श्रद्धा कपूर फिल्म की हीरोइन होंगी।


### श्रद्धा होंगी फिल्म की लीड हीरोइन?

सुकुमार अपनी फिल्म में राम को मुख्य भूमिका में लेने वाले है, वहीं अब खबर है कि इस फिल्म में राम को लेकर कुछ बड़ी तैयारी कर रहे हैं। फिल्म को पूरे भारत में रिलीज किया जाएगा। अब राम चरण के विपरीत मुख्य नायिका का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री को चुन लिया गया है। फिल्मी गलियारों में चर्चा है कि सुकुमार फिल्म में राम के साथ श्रद्धा को मुख्य भूमिका में लेने की योजना बना रहे हैं। इससे पहले राम चरण 'गेम चेंजर' में दिखे थे। इसमें उनके साथ कियारा आडवाणी मुख्य भूमिका में नजर आई थीं। फिल्म की रिलीज से पहले ही सुकुमार ने राम के पिता और सुपरस्टार चिरंजीवी के साथ यह फिल्म देखी थी। साथ ही उन्होंने इस फिल्म की तारीफ भी की थी। वह राम के काम से बेहद प्रभावित थे।





# 'छावा' पर विवाद तेज



अभिनेता विक्की कौशल फिल्म 'छावा' को लेकर सुर्खियों में हैं। दमदार कहानी और कलाकारों की जोरदार परफॉर्मेंस से सजी इस फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को बेहद पसंद आया। हालांकि, अब जबकि फिल्म अपनी रिलीज के लिए तैयार है तो दूसरी ओर इसे लेकर विवाद कम होने का नाम नहीं ले रहा है। हाल ही में महाराष्ट्र के मंत्री उदय सामंत ने मांग उठाई कि 'छावा' की रिलीज से पहले जानकार समीक्षकों द्वारा इसकी समीक्षा की जानी चाहिए।

### मंत्री ने एक्स पर किया ये पोस्ट

महाराष्ट्र के मंत्री उदय सामंत ने एक्स पर एक पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने कहा कि फिल्म के निर्माता और निर्देशकों को इस संबंध में तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए और आपत्तिजनक चीजों को हटाना चाहिए। उन्होंने लिखा, 'यह खुशी की बात है कि धर्म और स्वतंत्रता के रक्षक छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित एक हिंदी फिल्म बनाई जा रही है हालांकि, कई लोगों ने अपनी राय व्यक्त की है कि इस फिल्म में कुछ आपत्तिजनक दृश्य हैं।' सामंत ने लिखा, 'दुनिया को छत्रपति का इतिहास समझाने के लिए इस तरह के प्रयास जरूरी हैं। हमारा मानना है कि इस फिल्म को विशेषज्ञों और जानकार लोगों को दिखाए बिना रिलीज नहीं किया जाना चाहिए।' मंत्री सामंत ने चेतावनी देते हुए कहा कि छत्रपति संभाजी के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली चीजें बर्दाश्त नहीं की जाएंगी।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



## न्यूज़ ब्रीफ

### डीआर थापा फिर से बने सिक्किम भाजपा के अध्यक्ष

**गंगटोक।** डीआर थापा को फिर से सिक्किम भाजपा का अध्यक्ष चुना गया है। शनिवार को हुए संगठनात्मक चुनावों में उन्हें सर्वसम्मति से 2024-2027 के लिए प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। चुनाव प्रक्रिया सिंगताम स्थित राज्य भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई, और इसकी घोषणा चुनाव अधिकारी वी मुरलीधरन ने की, जो भाजपा के पूर्वोत्तर सह-समन्वयक भी हैं। वहीं, नरेंद्र कुमार सुब्बा को भी सर्वसम्मति से 2024-2027 के लिए राष्ट्रीय परिषद का सदस्य चुना गया। भाजपा की राज्य इकाई ने अपनी फेसबुक पोस्ट में कहा, 'यह निर्णय सिक्किम के राजनीतिक परिदृश्य में पार्टी के विकास और प्रभाव को आगे बढ़ाने में थापा की क्षमता पर पार्टी का विश्वास दर्शाता है।'

### तेलंगाना में आंशिक रूप से जला हुआ महिला का शव बरामद

**हैदराबाद।** हैदराबाद में लगभग 25-30 साल की महिला का शव बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि आउटर रिंग रोड (ओआरआर) के पास मेडचल में एक पुलिया के नीचे आंशिक रूप से जला हुआ महिला का शव बरामद किया गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहंची पुलिस के मुताबिक प्रारंभिक जांच के मुताबिक मृतका शादीशुदा थी। महिला के हाथ पर तेलुगू में 'श्रीकांत' और अंग्रेजी में 'नरेंद्र' का टैटू बना हुआ पाया गया है। शव नग्न अवस्था में मिला और उसे जलाने से पहले उसके कपड़े उस पर डाल दिए गए। सिर पर एक बड़ा पत्थर मारकर उसकी हत्या की गई। अपराधियों ने महिला की पहचान छिपाने के लिए शव पर केरोसिन या पेट्रोल डालकर आग लगा दी।

### किच्चा सुदीप ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार लेने से किया इनकार

**बेंगलुरु।** कन्नड़ अभिनेता किच्चा सुदीप ने वार्षिक फिल्म पुरस्कारों में 'पेलवान' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार लेने से मना कर दिया है। उन्होंने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, वह पुरस्कार लेना छोड़ चुके हैं। यह पुरस्कार किसी ऐसे कलाकार को मिले जिसने दिल लगाकर काम किया हो तो मुझे बहुत खुशी होगी।

### गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्र को किया संबोधित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 76वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित किया। राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि, 'हममें से प्रत्येक को जलवायु परिवर्तन के वैश्विक खतरे का मुकाबला करने के प्रयासों में योगदान देना चाहिए। इस संबंध में दो अनुकरणीय पहल की गई हैं। वैश्विक स्तर पर, भारत एक जन आंदोलन का नेतृत्व कर रहा है, जिसे पर्यावरण के लिए मिशन लाइफस्टाइल कहा जाता है, ताकि व्यक्तियों और समुदायों को पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण में अधिक सक्रिय होने के लिए प्रेरित किया जा सके।

## मुडा मामला
# लोकायुक्त पुलिस ने विशेष कोर्ट को सौंपी रिपोर्ट

● 27 जनवरी को होनी है सुनवाई

एजेंसी | बेंगलुरु

कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया और उनकी पत्नी से जुड़े मुडा मामले में लोकायुक्त पुलिस ने शनिवार को बंगलूरू की विशेष अदालत को रिपोर्ट सौंप दी है। ये रिपोर्ट 27 जनवरी को होने वाली अदालत की सुनवाई से पहले प्रस्तुत किया गया है। बता दें कि रिपोर्ट को पहले 26 जनवरी को पेश किया जाना था, लेकिन 25 जनवरी को शनिवार और अदालत की छुट्टी होने के कारण लोकायुक्त पुलिस ने रिपोर्ट 24 जनवरी को ही प्रस्तुत कर दी।



### भाजपा ने उठाए थे सवाल

साथ ही भाजपा ने शुक्रवार को मीडिया में आई उन खबरों के मद्देनजर मुडा घोटाले में लोकायुक्त जांच की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए, जिनमें कहा गया है कि लोकपाल की पुलिस शाखा ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उनके परिवार को क्लीन चिट दे दी है। सीएम सिद्धारमैया, उनकी पत्नी पार्वती बीएम और उनके पत्नी के भाई मल्लिकार्जुन स्वामी यहां एक विशेष अदालत के निर्देश पर लोकायुक्त पुलिस की तरफ से दर्ज मामले में आरोपी हैं।

### कोर्ट ने स्वीकारी क्लोजर रिपोर्ट

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के खिलाफ 1.3 करोड़ रुपये की रिश्वत का मामला खारिज हो गया है। निर्वाचित प्रतिनिधियों के खिलाफ आपराधिक मामलों की सुनवाई करने वाली एक विशेष अदालत ने सिद्धरमैया से जुड़े मामले में कर्नाटक लोकायुक्त पुलिस की दायर क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया है। बता दें कि मामला भाजपा के एक नेता की ओर से लगाए गए आरोपों पर आधारित था।

### एक नजर पूरे मामले पर

मुडा शहरी विकास के दौरान अपनी जमीन खोने वाले लोगों के लिए एक योजना लेकर आई थी। 50:50 नाम की इस योजना में जमीन खोने वाले लोग विकसित भूमि के 50% के हकदार होते थे। यह योजना 2009 में पहली बार लागू की गई थी। जिसे 2020 में उस वक्त की भाजपा सरकार ने बंद कर दिया। सरकार की तरफ से योजना को बंद करने के बाद भी मुडा ने 50:50 योजना के तहत जमीनों का अधिग्रहण और आवंटन जारी रखा। सारा विवाद इसी से जुड़ा है। मामले में आरोप है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती को इसी के तहत लाभ पहुंचाया गया। मुख्यमंत्री की पत्नी की तीन एकड़ और 16 गुंटा भूमि मुडा की तरफ से अधिग्रहित की गई। इसके बदले में एक महंगे इलाके में 14 साइटें आवंटित की गईं। मैसूर के बाहरी इलाके में यह जमीन मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती को उनके भाई मल्लिकार्जुन स्वामी ने 2010 में उपहार स्वरूप दी थी।

## 56 पदकों से सम्मानित हुए BSF जांबाज



एजेंसी | नई दिल्ली

'राष्ट्रीय सुरक्षा की प्रथम पंक्ति' के रूप में भारत-पाक और भारत-बांग्लादेश सीमाओं की सुरक्षा का दायित्व संभालने वाले 'विश्व के सबसे बड़े सीमा सुरक्षा बल' बीएसएफ के कर्त्तव्य परायण एवं निष्ठावान सदस्यों को विभिन्न पदकों से नवाजा गया है। जवानों और अधिकारियों के विभिन्न कर्तव्यों के दौरान उनके द्वारा प्रदर्शित अनुपम साहस और शौर्य के साथ ही उनकी विशिष्ट एवं सराहनीय सेवाओं के सम्मान में, भारत के राष्ट्रपति द्वारा 'गणतंत्र दिवस-2025' के अवसर पर सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों व कार्मिकों को 56 पदकों द्वारा सम्मानित किया गया है।

## एल्विश यादव की मुश्किलें बढ़ीं

● गाजियाबाद कोर्ट ने मुकदमा दर्ज करने का दिया आदेश



एजेंसी | गाजियाबाद

सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर एल्विश यादव की मुश्किलें बढ़ गई हैं। गाजियाबाद की कोर्ट ने एल्विश यादव के खिलाफ मुकदमे के आदेश दिए हैं। अपर सिविल जज की कोर्ट ने कंप्लेन केस में BNSS की धारा 173(4) के तहत नंदग्राम थाने में मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

### क्या है मामला?

दरअसल नोएडा के सेक्टर 49 थाने में दर्ज FIR में वादी और गवाह सौरभ गुप्ता ने गाड़ी का पीछा कर जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया था। गाजियाबाद पुलिस के मुकदमा दर्ज न करने पर सौरभ गुप्ता ने कोर्ट का रुख किया था। इसी मामले में एल्विश के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए गए हैं। ये पहली बार नहीं है जब एल्विश किसी कानूनी कार्रवाई का सामना कर रहे हों। वह पहले भी तमाम मामलों में पुलिस और कोर्ट की कार्यवाही का सामना कर चुके हैं। अक्टूबर 2024 में जब पुलिस ने HiBox एप्लीकेशन के जरिए गारंटीड रिटर्न देने के मामले में निवेशकों को ठगने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया था, तब भी एल्विश चर्चा में आए थे। दरअसल गिरफ्तार आरोपी, निवेशकों का भरोसा जीतने के लिए कई इनफ्लुएंसर्स और यूट्यूबर्स से इस ऐप में निवेश करने के लिए ऐड भी करवाता था। इसी के मद्देनजर, दिल्ली पुलिस ने इस मामले में कई सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और यूट्यूबर्स को भी नोटिस जारी किया था। इनमें यूट्यूबर्स/सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अभिषेक मल्हान उर्फ फुकरा इंसान, एल्विश यादव, लक्ष्य चौधरी, पूरव झा के नाम शामिल थे।

## कांग्रेस विधायक बालाकृष्णन गिरफ्तार

एजेंसी | वायनाड



कांग्रेस विधायक आई.सी. बालाकृष्णन को वायनाड जिला कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारी एन.एम. विजयन को कथित तौर पर आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में शनिवार को गिरफ्तार किया गया। हालांकि, बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। पुलिस के अनुसार दो दिन की पूछताछ के बाद बालाकृष्णन की गिरफ्तारी दर्ज की गई, लेकिन अदालत द्वारा अग्रिम जमानत दिए जाने के कारण उन्हें रिहा कर दिया गया। इसके साथ ही मामले में सभी आरोपियों की गिरफ्तारी हो गई है और पूछताछ भी पूरी हो चुकी है। इससे पहले, वायनाड जिला कांग्रेस कमेटी (DCC) के अध्यक्ष एन.डी. अप्पाचन और डीसीसी के पूर्व कोषाध्यक्ष के.के. गोपीनाथन को मामले की जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। बाद में अग्रिम जमानत पर रिहा कर दिया गया।

### 9 जनवरी को दर्ज हुआ था मामला

कलपेट्टा की मुख्य सत्र अदालत ने बालाकृष्णन को इस शर्त पर अग्रिम जमानत दी थी कि उन्हें 23 जनवरी से तीन दिनों के लिए पूछताछ के वास्ते उपस्थित होना होगा। पुलिस ने बालाकृष्णन और तीन अन्य लोगों पर विजयन और उनके बेटे की मौत के सिलसिले में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की प्रासंगिक धाराओं के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में नौ जनवरी को मामला दर्ज किया था।

## उत्तराखंड में 27 जनवरी से लागू होगा UCC

एजेंसी | देहरादून



उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (UCC) लागू होने वाली है। खबर है कि 27 जनवरी से उत्तराखंड में UCC लागू हो जाएगी। इसी के साथ उत्तराखंड इसे लागू करने वाला पहला राज्य भी बन जाएगा। 27 जनवरी को ही दोपहर 12:30 बजे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी UCC के पोर्टल की शुरुआत भी करेंगे।मुख्यमंत्री के सचिव शैलेश बगोली ने सभी विभागों को इस संबंध में पत्र भेजकर जानकारी दी है।








# FIITJEE के मालिक सहित 12 के खिलाफ दर्ज हुआ मामला

एजेंसी | नई दिल्ली



दिल्ली-NCR में कई कोचिंग सेंटरों के अचानक बंद होने के बाद FIITJEE के संस्थापक डीके गोयल और 11 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। कोचिंग सेंटरों के अचानक बंद किये जाने से छात्रों और अभिभावकों में आक्रोश फैल गया है और उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी। नोएडा के पुलिस उपायुक्त (DCP) रामबदन सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ आपराधिक षड्यंत्र रचते हुए छात्रों से विश्वासघात करने के आरोप लगे हैं।

### क्यों बंद हुए कोचिंग सेंटर?

कोचिंग सेंटरों के अचानक बंद होने का कारण कर्मचारियों को वेतन भुगतान न किया जाना है। इसके कारण कई शिक्षकों को इस्तीफा देना पड़ा है। प्रतियोगी इंजीनियरिंग परीक्षाओं की कोचिंग कराने वाले FIITJEE के भारत भर में 73 केंद्र हैं। अभिभावकों का आरोप है कि फीस जमा कराने के बाद भी संचालकों ने अचानक केंद्र बंद कर दिए। पूर्वी दिल्ली के एक अभिभावक ने बताया कि उन्होंने दो वर्षीय पाठ्यक्रम के लिए 5.4 लाख रुपए फीस भरी है। नोएडा और गाजियाबाद में फिटजी केंद्रों के खिलाफ FIR दर्ज की गई है। गाजियाबाद केंद्र उत्तर प्रदेश कोचिंग विनियमन अधिनियम के तहत बिना पंजीकरण के संचालित होता पाया गया। एक पूर्व FIITJEE शिक्षक ने अनियमित वेतन भुगतान के कारण इस्तीफा देने की पुष्टि की है। उनका 5 महीने का वेतन अभी भी बकाया है। उन्होंने इस दावे का खंडन किया कि एक अन्य कोचिंग संस्थान ने FIITJEE के शिक्षकों को अपने यहां भर्ती कर लिया है।